


दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-4, अंक-218 | जयपुर, मंगलवार, 16 सितम्बर, 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:


## उत्तराखंड के छह जिलों में बारिश का ऑरेंज और अन्य जिलों में येलो अलर्ट

**देहरादून**
मौसम विज्ञान ने सोमवार को भी राज्य के देहरादून, बागेश्वर, चम्पावत, उधमसिंहनगर, पिथौरागढ़ व नैनीताल जिलों में भारी से बहुत बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के अन्य शेष जिलों में कहीं-कहीं तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। स्थानीय मौसम विभाग केंद्र के अनुसार राज्य में 20 सितंबर तक तेज दौर की बारिश के आसार हैं। बारिश की चेतावनी को देखते हुए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून काल में क्षतिग्रस्त सड़कों पर यातायात के लायक दुरूस्तीकरण शुरू करने के साथ अन्य सेवाएं जल्द सुचारू करने के निर्देश दिए हैं।

## मॉरीशस के प्रधानमंत्री को धामी ने दी विदाई

देहरादून
मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम अपना उत्तराखंड का चार दिवसीय प्रवास पूरा कर आज स्वदेश लौट गये हैं। उत्तराखंड से प्रस्थान से पूर्व जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनसे मुलाकात कर उन्हें विदाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने उन्हें चारधाम का पावन प्रसाद व प्रदेश के अंब्रेला ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद स्मृति स्वरूप भेंट किए। इस मौके पर मॉरीशस केप्रधानमंत्री डॉ रामगुलाम ने उत्तराखंड की आतिथ्य परंपरा की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की पताका पूरे विश्व में लहरा रही है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री की यह यात्रा निश्चित ही भारत और मॉरीशस के मध्य सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ एवं सुदृढ़ करेगी।

## शिमला के कोटखाई में पिकअप वाहन खाई में गिरा, चार की मौत

**शिमला**
हिमाचल प्रदेश में मानसून सीजन के दौरान सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार को शिमला जिले के कोटखाई थाना क्षेत्र के रामनगर इलाके में लिंक रोड पर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया।

# पीएम ने कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का किया उद्घाटन

### कॉन्फ्रेंस सेना की पूर्वी कमान के हेडक्वार्टर फोर्ट विलियम कोलकाता में 15 से 17 सितंबर तक होगा

**कोलकाता**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कोलकाता में 16वीं कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। कॉन्फ्रेंस सेना की पूर्वी कमान के हेडक्वार्टर फोर्ट विलियम कोलकाता में 15 से 17 सितंबर तक होगा। इस साल की थीम- 'ईयर ऑफ रिफॉर्म्स - भविष्य के लिए ट्रांसफॉर्मेशन' है। इस साल कॉन्फ्रेंस का 16वां संस्करण है। यह सेना का सबसे बड़ा विचार-विमर्श का मंच है। इसमें सेना के अधिकारी और सरकार के मंत्री देश की सुरक्षा और रणनीति पर चर्चा करते हैं। तीनों सेनाओं के प्रमुख इसमें शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, ठरअ अजित डोभाल, उऊ जनरल अनिल चौहान और मंत्रालयों के सीनियर अधिकारी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। पीएम मोदी रविवार शाम कोलकाता पहुंचे थे। पिछले एक महीने में यह उनका दूसरा बंगाल दौरा है। संयुक्त कमांडर्स कॉन्फ्रेंस भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना का सबसे बड़ा रणनीतिक मंच है। इसमें देश की तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी और केंद्र सरकार के बड़े मंत्री मिलकर राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा नीतियों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करते हैं। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य सेना और सरकार के मंत्रियों को एक साथ लाकर रक्षा से जुड़ी चुनौतियों, आधुनिकीकरण, नई तकनीक और भविष्य की युद्ध-तैयारी पर विचार करना होता है। यह कॉन्फ्रेंस देश की सुरक्षा नीति बनाने में अहम भूमिका निभाती है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को कोलकाता दौरे पर थे। पीएम ने यहां 5200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुल 13.62 किलोमीटर लंबे तीन नए रूट का उद्घाटन किया। इसके अलावा पीएम ने 1200 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाले 6 लेन कोना एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी।



## टीएमसी का मंत्री शिक्षक भर्ती में आज तक जेल में है: पीएम

पीएम ने कहा कि कोई मुख्यमंत्री, मंत्री, प्रधानमंत्री जेल चला जाए तो उसके लिए कानून नहीं है। हालत तो देखिए आजकल ये लोग इतने गिरे हैं कि जेल से भी सरकार चलाने की कोशिश कर रहे हैं। टीएमसी का मंत्री शिक्षक भर्ती में आज तक जेल में है, तब भी वो कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। ळटउ के एक और मंत्री पर गरीबों के राशन लूटने का आरोप है।

ये भी जेल जाने के बाद कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। सीएम तक जेल से सरकार चलाते हैं। ये संविधान और लोकतंत्र का अपमान है।

## सम्मेलन का विषय है - सुधारों का वर्ष भविष्य के लिए रूपांतरण

रक्षा अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर सीमापार आतंक ढांचे को ध्वस्त करने के लिए की गई एक दंडात्मक और लक्षित सैन्य कार्रवाई थी। इस अभियान ने त्रि-सेनाओं की सटीकता, पेशेवर क्षमता और सुनियोजित रणनीति का प्रदर्शन किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और थल, वायु और नौसेना प्रमुख भी शामिल हुए। इस मंच को सशस्त्र बलों का सर्वोच्च मंथन स्थल माना जाता है,



जहां सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व सामरिक, संस्थागत और परिचालन प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श करता है। इस वर्ष सम्मेलन का विषय है - सुधारों का वर्ष भविष्य के लिए रूपांतरण। 16वें संस्करण का मुख्य फोकस सशस्त्र बलों में सुधार, परिवर्तन, तकनीकी आधुनिकीकरण और बहु-क्षेत्रीय तैयारियों को सुदृढ़ करना है। रक्षा अधिकारियों का कहना है कि यह बैठक सेनाओं की गहरी एकीकरण प्रक्रिया और उच्चस्तरीय ऑपरेशनल तत्परता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी असम से कोलकाता पहुंचे और राजभवन में रात बिताने के बाद सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे विजय दुर्ग पहुंचे। वह दोपहर बाद बिहार के पूर्णिया रवाना होंगे। यह पिछले पांच महीनों में प्रधानमंत्री का चौथा बंगाल दौरा है और एक माह के भीतर दूसरा।

## बंगाल को नई रोशनी की जरूरत है: पीएम मोदी



पीएम ने कहा कि बंगाल को नई रोशनी की जरूरत है। यहां आजादी के बाद पहले कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी का लंबा दौरा देखा है। आज क्राइम और करप्शन टीएमसी सरकार की पहचान बन गई। बंगाल कह रहा है टीएमसी जाएगी तभी असली बदलाव आएगा। बंगाल को सत्ता परिवर्तन चाहिए, ऐसा परिवर्तन जहां सुशासन होगा। ये परिवर्तन सिर्फ भाजपा ला सकती है। टीएमसी विकास की दुश्मन है। टीएमसी सरकार ने स्मार्ट सिटी मिशन से जुड़ने से इनकार कर दिया। टीएमसी का मिशन भाजपा को रोकना है।

**ऑपरेशन सिंदूर:** ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने सीमा पार आतंकियों और आतंक के आकाओं के अड्डों को खंडहर में बदल दिया। ऐसा सबक सिखाया कि पाकिस्तान की आज भी नींद उड़ी हुई है। सेना को ताकत देने में बंगाल का बहुत योगदान है। गुलामी के दौर में इच्छापुर में डिफेंस मेन्युफैक्चरिंग का काम शुरू हुआ। कांग्रेस सरकार ने इस इंडस्ट्री को बर्बाद कर दिया। सेना को विदेश पर निर्भर कर दिया।

**घुसपैठ:** भारत सरकार ने घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया है। जो लोग हमारे युवाओं को रोजगार छीन रहे हैं, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर दबाव बना रहे हैं, बहन-बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं ऐसे घुसपैठियों को भारत में रहने नहीं देंगे।

**एंटी करप्शन बिल:** सरकार लोकसभा में एंटी करप्शन बिल लाई है। हमारे देश में किसी भी कर्मचारी को यदि पुलिस पकड़कर जेल में डालती है तो उसकी नौकरी चली जाती है।

## बांध निर्माण से नहीं सुलझेगा जल संकट, जनभागीदारी से निकलेगा समाधान: पाटिल

**नई दिल्ली**
केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि भारत को अपनी जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए केवल बांध निर्माण पर निर्भर रहने के बजाय जल संचयन और जन भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पाटिल ने यह बात यहां आयोजित पाञ्चजन्य आधार इंफ्रा कॉन्फ्लुएंस 2025 में कही, जिसकी थीम नीति, नवान्वेषण, क्रियान्वयन थी। पाटिल ने कहा कि भारत में औसतन 4020 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) वर्षा जल उपलब्ध होता है, जबकि देश की वार्षिक जल आवश्यकता लगभग



1220 बीसीएम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की अनुमानित जल आवश्यकता लगभग 1180 बीसीएम होगी। इस लक्ष्य की पूर्ति और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए जल संचयन को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 सितम्बर 2024 को सूरत से वर्चुअल संबोधन में इस बात पर बल दिया था कि जल संचयन केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि इसे जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता है।

## झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद खत्म, जल्द ही पूरे देश को भी मिलेगी मुक्ति: शाह

**नई दिल्ली**
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने झारखंड के हजारीबाग जिले में नक्सल विरोधी अभियान में नक्सली कमांडर सहदेव सोरेन उर्फ परवेश समेत तीन नक्सलियों के मारे जाने को बड़ी कामयाबी बताया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा। शाह ने एक्स पोस्ट में कहा कि आज हजारीबाग में



सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। इस अभियान में 1 करोड़ रुपये का इनामी कुख्यात नक्सली कमांडर सीसीएम सहदेव सोरेन उर्फ परवेश को ढेर कर दिया गया है। साथ ही, दो अन्य इनामी नक्सलियों- रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल और बिरसेन गांझू उर्फ रामखेलावन को भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया।

उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा।

## सीतारमण ने नीति आयोग की ओर से निर्मित फ्रंटियर टेक रिपॉजिटरी का भी शुभारंभ किया



### तकनीकी नवाचार, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें

**नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की एक रिपोर्ट जारी की। इसके अलावा उन्होंने नीति आयोग की ओर से निर्मित फ्रंटियर टेक रिपॉजिटरी का भी शुभारंभ किया। उन्होंने ऐसे नियामक उपायों की आवश्यकता पर बल दिया, जो तकनीकी नवाचार, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें, न कि उसे हतोत्साहित करें। वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण के साथ केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। नीति आयोग की यह रिपोर्ट 'विकसित भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ताः त्वरित आर्थिक विकास का अवसर' विषय पर है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके जिम्मेदार अनुप्रयोग को भी

## अगस्त महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री नौ फीसदी घटी: सियाम

**नई दिल्ली**
अगस्त महीने में कुल यात्री वाहन थोक बिक्री (डीलरों को भेजी गई) सालाना आधार पर लगभग 9 फीसदी घटकर 3,21,840 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,52,921 इकाई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि संख्या में गिरावट की मुख?य वजह यात्री वाहन निमार्ताओं के डिस्पैच पुनर्निर्धारण के कारण हुई। हालांकि, अगस्त महीने के दौरान कुल दोपहिया



वाहनों की डिस्पैच साल फीसदी बढ़कर 18,33,921 इकाई हो गई, जबकि अगस्त 2024 में यह 17,11,662 इकाई थी। इस अवधि में मोटरसाइकिलों की बिक्री 4.3 फीसदी बढ़कर 11,06,638 इकाई हो गई (अगस्त, 2024 में 10,60,866 इकाई के मुकाबले), स्कूटरों की बिक्री करीब 13 फीसदी बढ़कर 6,83,397 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 6,06,250 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि ग्राहकों ने जीएसटी दर में कटौती और वाहनों की कीमतों में कमी की उम्मीद में खरीदारी स्थगित कर दी है, जिसकी वजह से अगस्त की मांग में गिरावट आई। मेनन ने कहा कि वाहनों पर जीएसटी दरें कम करने के सरकार के फैसले से आगामी त्योहारी सत्र में मांग बढ़ेगी।

## आयकर विभाग ने आईटीआर की समय सीमा बढ़ाने की खबरों को बताया अफवाह

**नई दिल्ली**
आयकर विभाग ने सोमवार को स्पष्ट किया कि आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। विभाग ने ये भी कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के विपरीत उसने आईटीआर भरने की अंतिम तारीख को आगे नहीं बढ़ाया है। आयकर विभाग ने जारी एक बयान में कहा कि सोशल मीडिया पर एक फर्जी खबर चल रही है, जिसमें कहा गया है कि आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर को आगे बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया गया है। विभाग ने करदाताओं को सलाह दी है कि वे केवल आधिकारिक अपडेट पर ही भरोसा करें। आईटीआर दाखिल करने, कर भुगतान और अन्य संबंधित सेवाओं में करदाताओं की सहायता के लिए हमारा हेल्पडेस्क 24७7 आधार पर काम कर रहा है और हम कॉल, लाइव चैट, वेबएक्स सेशन और ट्विटर/एक्स के माध्यम से सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## हिमाचल: भूस्खलन से 598 सड़कें, तीन नेशनल हाइवे बंद, कांगड़ा में मलबे की चपेट में आया प्रवासी

**शिमला**
हमाचल प्रदेश में भारी बारिश कहर बरपा रही है। सोमवार तड़के कांगड़ा जिला के जवाली क्षेत्र में अस्पताल के पास भूस्खलन की घटना हुई, जिसमें एक प्रवासी परिवार मलबे में दब गया। इस हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। मौसम विभाग ने सोमवार दोपहर तक कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और शिमला, सोलन, कुल्लू, चंबा व सिरमौर में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 16 सितंबर को कई स्थानों पर अंधड़ और बिजली गिरने के साथ बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। 17 से 21 सितंबर तक हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई



है, हालांकि इस दौरान कोई अलर्ट नहीं होगा। बीती रात से सुबह तक सबसे अधिक 56 मिलीमीटर बारिश मंडी जिले के जोगिंद्रनगर में दर्ज की गई। पालमपुर में 48, पंडोह में 40 और कांगड़ा में 34 मिलीमीटर वर्षा हुई है। भारी वर्षा के चलते प्रदेशभर में यातायात और बिजली-पानी की व्यवस्था चरमराई हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार सोमवार सुबह तक प्रदेश में तीन नेशनल हाइवे और कुल 598 सड़कें बंद हैं। इनमें कुल्लू जिले में एनएच-03 और एनएच-305 सहित 172 सड़कें, मंडी में 201, शिमला में 57, कांगड़ा में 46, चंबा में 29, सिरमौर में 21, बिलासपुर में 18 और ऊना जिले में एनएच-503ए व 20 सड़कें शामिल हैं। इसके अलावा राज्य में 500 बिजली ट्रांसफार्मर और 184 पेयजल योजनाएं ठप हो गई हैं।

मंडी में सबसे अधिक 314 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं जबकि शिमला में 49 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। मॉनसून की तबाही का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 404 लोगों की मौत हो चुकी है, 462 लोग घायल हुए हैं और 41 लोग लापता हैं। जिला स्तर पर सबसे अधिक 61 मौतें मंडी में हुई हैं। कांगड़ा में 55, चंबा में 50, कुल्लू में 44 और शिमला में 43 लोगों की जान गई है। भारी बारिश और आपदा से 1,440 मकान पूरी तरह जमींदोज हो गए हैं जबकि 6,007 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 485 दुकानें और 6,036 गौशालाएं भी ढह चुकी हैं। पशुधन को भी भारी नुकसान हुआ है। अब तक 2,094 पशुओं और 26 हजार से अधिक पोल्ट्री पक्षियों की मौत दर्ज की गई है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार इस मॉनसून सीजन में हिमाचल प्रदेश को सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान के रूप में 4,489 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति हुई है। लोक निर्माण विभाग को सड़कों और पुलों के टूटने से सबसे अधिक नुकसान हुआ है। अब तक राज्यभर में 140 भूस्खलन, 97 फ्लैश फ्लड और 46 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में हिमाचल के आपदा प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर चुके हैं।

# ज्यपाल ने विश्व लोकतंत्र दिवस पर युवा संसद अधिवेशन में भाग लिया, लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी मिलकर कार्य करें

**जयपुर, 15 सितम्बर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्व लोकतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संविधान सर्वोच्च है। लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने लोकतंत्र में सभी स्तरों पर जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने और सभी को पारदर्शिता से कार्य करने की संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया। बागडे सोमवार को इंदिरा गांधी पंचायत राज संस्थान सभागार में भारतीय युवा संसद के अधिवेशन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा देश के कर्णधार हैं, उन्हें देश प्रथम की सोच से कार्य करने के लिए सभी स्तरों पर प्रेरित किया जाए। उन्होंने विश्व में लोकतंत्र के



इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि भारत में बाबा साहेब अम्बेडकर ने संविधान निर्माण के दौरान यह ध्यान रखा कि विश्वभर का जो श्रेष्ठतम है, वह हमारे संविधान में आए। राज्यपाल ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र इसलिए है कि यह समानता, न्याय और उदात्त जीवन मूल्यों से जुड़ा है। उन्होंने सही शिक्षा के जरिए लोकतंत्र को मजबूत किए जाने का आह्वान किया। इसके लिए उन्होंने विद्यालयों और महाविद्यालयों में बौद्धिक और शारीरिक क्षमता बढ़ाते हुए प्रतिभा संपन्न युवाओं की संख्या बढ़ाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि थाली में भोजन का जो नियोजन कर सके और खाने के बाद भोजन फेंकना नहीं पड़े वही राष्ट्र और समाज में नियोजन के लिए कार्य करने में सक्षम हो सकता है। शुरूआत घर से, अपने आप के नियोजन से करनी होगी तभी देश और विश्व का नियोजन सही हो सकता है। उन्होंने कहा कि सुशासन में कृत्रिम बुद्धिमता का प्रयोग साक्ष्य आधारित निर्णय लेने, प्रक्रियाओं में तेजी लाने और नागरिक सुविधाओं में बेहतरी के लिए तो ठीक है परन्तु इसका सावधानी से उपयोग होगा तभी तकनीक की सार्थकता है। ए.आई. मानवीय गरिमा और जीवन मूल्यों पर हावी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

राज्यपाल ने आरंभ में भारतीय संसद के आलोक में प्रकाशित पुस्तिका ष्लोकतंत्र वैचारिकीष का लोकार्पण किया।

## जयपुर में नवरात्रों पर सजेगा मां वैष्णो देवी का साक्षात दरबार




**जयपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर गुलाबी नगरी जयपुर के राजा पार्क स्थित सूरज मैदान में मां वैष्णो देवी का भव्य दरबार सजने जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र खंडेलवाल और महामंत्री सुशील धोकरिया ने बताया कि नवरात्रों की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर श्रद्धालु मां के पवित्र धाम के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन कर सकेंगे। मैदान परिसर में बाणगंगा, चरणपादुका, अर्द्धकुमारी गुफा, हाथी मत्था, सांझी छत और बफीर्ली पहाड़ियों का सजीव रूपांतरण किया जाएगा। विशेष रूप से भैरव मंदिर भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। खंडेलवाल और धोकरिया ने बताया कि समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं। भक्त नवरात्रि भर इस दरबार में दर्शन कर सकेंगे और माता रानी की भक्ति में डूबने का दिव्य अनुभव प्राप्त करेंगे समिति कि बैठक मे संयोजक चंद्र प्रकाश राणा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र खंडेलवाल लवाण वाले कोषाध्यक्ष मनोज कूलवाल नायला वाले मंत्री वैभव अग्रवाल उपस्थित रहे

## एसआईपीएफ विभाग के जिला कार्यालय करेंगे मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के सहायता केन्द्र के रूप में कार्य

**जयपुर, 15 सितम्बर।** प्रदेश में जरूरतमंद, असहाय व अल्प आय वर्ग हेतु संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में बीमित/पंजीकृत समस्त परिवारों हेतु दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु अथवा पूर्ण स्थाई अपंगता की स्थिति में आर्थिक संबंल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना संचालित की जा रही है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जयपुर ग्रामीण की संयुक्त निदेशक मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि उक्त योजना में आठ प्रकार की दुर्घटनाओं यथा रेल/वायु/सडक दुर्घटना, ऊँचाई से गिरने तथा ऊँचाई से किसी वस्तु के गिरने, मकान के ढ़हने के कारण, थ्रेशर मशीन, कुट्टी मशीन, आरा मशीन, ग्लाईन्डर आदि से, बिजली के झटके, डूबने, जलने एवं रासायनिक द्रव्यों के छिड़काव से होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु/क्षति होने पर अधिकतम दस लाख रुपए प्रति परिवार प्रति वर्ष आधार पर सहायता राशि प्रदान की जा रही है। योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु एमएडीबीवाई पोर्टल पर दावेदार स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से दावा आसानी से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकता है, किन्तु ध्यान में आया है कि योजना की पर्याप्त जानकारी के अभाव में पीड़ित परिवार द्वारा मध्यस्थ व्यक्तियों के माध्यम से दावा प्रस्तुत करवाता है एवं उसकी एवज में मध्यस्थों द्वारा कई बार पीड़ित परिवार से खाली चैक/राशि भी प्राप्त किया जाना संभावित है, जिसकी पृथक से जांच करवाई जा रही है।

## सीएम साय अपने पसीने से लिख रहे हैं विकास की गाथा: दक्ष वैद्य नई उद्योग नीति से बस्तर में होगा विकास का नया सूर्योदय:

**देश का दर्पण न्यूज डी सी शर्मा**

छत्तीसगढ़,भाजपा युवा नेता एवं हिन्द सेना समाजसेवी संगठन युवा ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्ष वैद्य ने कहा कि कुछ साल पहले तक जो बस्तर लाल आतंक के साये में जी रहा था, जहां की धरती पर खून से मौतों की इबारत लिखी जाती थी,आज उस बस्तर की धरती पर हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने श्रम,लगन और पसीने से विकास की इबारत लिख रहे हैं। साय सरकार की नई और शानदार उद्योग नीति बस्तर के विकास का नया सूर्योदय लेकर आई है। अब बस्तर भी विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत का सहचर बन सकेगा।

भाजपा युवा नेता दक्ष वैद्य ने यह बातें बस्तर कनेक्ट कार्यक्रम के संदर्भ में कही हैं। उन्होंने कहा है कि आदिवासी स्वार्थी नहीं होते, वे परोपकार, जनसेवा,परहित और धरती माता की सेवा करने पर विश्वास रखते हैं। हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी सच्चे मन से अपना आदिवासी- धर्म निभाते हुए छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में रत हैं। दक्ष वैद्य ने कहा कि जिस बस्तर को अति पिछड़ा क्षेत्र और नक्सल समस्या से ग्रसित माना जाता था, आज वही बस्तर विकास पथ पर सरपट दौड़ रहा है। बिजली, पेयजल, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, खेल गतिविधियां हो या कोई अन्य मुद्दा, किसी भी मामले में बस्तर राज्य के दूसरे प्रगतिशील संभागों से पीछे नहीं रह गया है। यह साय के सुशासन का कमाल है। दक्ष वैद्य ने कहा कि साय सरकार की नई पारदर्शी उद्योग नीति बस्तर के लिए वरदान साबित हो रही है। बस्तर अब निवेश,अवसर और रोजगार का नया केंद्र बन रहा है। यहां उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और पर्यटन में समावेशी विकास की गूंज सुनाई दे रही है। यह बदलाव न केवल बस्तर की तस्वीर बदल रहा है,बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की गाथा भी लिख रहा है। दक्ष वैद्य ने कहा कि बस्तर के विकास को गति देने के लिए मोदी जी की सरकार ने 5 हजार 200 करोड़ की रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें 3,513.11 करोड़ की रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन और कोत्तवलसा- किरंदुल रेल लाइन के दोहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएं न केवल बस्तर में यात्रा,पर्यटन और व्यापार को नई दिशा देंगी,बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और औद्योगिक अवसर भी सृजित करेंगी। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से नक्सलवाद के उन्मूलन में भी तेजी आएगी। बस्तर में 2300 करोड़ की सड़क विकास परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं। बस्तर संभाग अब छत्तीसगढ़ के सबसे विकसित और समृद्ध क्षेत्रों में से एक बनने की राह पर अग्रसर है। दक्ष वैद्य ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकारें मिलकर धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर मार्ग का एक वैकल्पिक रास्ता बना रही हैं, जो कांकेर, अंतागढ़, नारायणपुर के अबूझमाड़ होते हुए दंतेवाड़ा के बारसूर और आगे बीजापुर तक पहुंचेगा। इन परियोजनाओं से बस्तर के सभी जिलों तक पहुंचने के लिए कई रास्ते उपलब्ध होंगे।

## भारत उत्कर्ष महायज्ञ के लिए जगद्गुरु स्वामी सतीश आचार्य जी महाराज जी ने समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी जी व उनकी टीम से की मुलाकात



**देश का दर्पण न्यूज**
**डीसी शर्मा**

**जयपुर,आज** भारत उत्कर्ष महायज्ञ के लिए जगद्गुरु स्वामी सतीश आचार्य जी महाराज जी ने समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी व उनकी टीम से जवाहर नगर स्थित विवेकानंद पार्क में मुलाकात की सभी ने भारत उत्कर्ष महायज्ञ के लिए अपना अपना योगदान व सहयोग देने के लिए अपनी इच्छा जाहिर की कार्यक्रम में पार्षद नीरज अग्रवाल, प्रदीप जैसवानी, प्रदीप बछवानी, लखीराम बमबानी, मुरली चंदानी, दिलीप भाटिया, होतचंद वाधवानी, रमेश हरपलानी, राकेश तोरानी, अशोक निरंकारी, कमलेश कुमार, गोरधन त्रिलोकानी, करन गुरुनानी, दिनेश जैन, दौलत त्रिलोकानी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे सभी ने महाराज जी का आशीर्वाद लिया

## शहरी सेवा शिविर 2025 के तहत 17 सितम्बर से आयोजित होगें वार्डवार शिविर, शिविरों के माध्यम से आमजन को मिलेगा एक ही स्थान पर विभिन्न समस्याओं का समाधान

**जयपुर, 15 सितंबर। मुख्य**मंत्री भजनलाल शर्मा के निदेर्शानुसार नगर निगम ग्रेटर द्वारा आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक ॑शहरी सेवा शिविर 2025 (मुख्य शिविर) का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व 4 से 13 सितंबर तक प्री-कैम्प आयोजित किये गये थे।

नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ॰ गौरव सैनी ने बताया कि शहरी सेवा शिविर-2025 (मुख्य शिविर) के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जायेगा। अभियान के तहत साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेन्डिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती 69ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाईसेन्स, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजिस्ट्रेशन, उप-विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना/प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अन्तर्गत घरेलू शौचालय निर्माण हेतु आवेदन से संबंधित आदि कार्य किये जायेंगे। अभियान के तहत नगर निगम ग्रेटर के स्तर पर अभियान की तैयारी, क्रियान्वयन मॉनिटरिंग एवं समीक्षा हेतु नोडल अधिकारी अतिरिक्त आयुक्त को एवं सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त मुख्यालय को नियुक्त किया गया है।

## सुसमा अभियान समापन एवं अभियंता दिवस समारोह- यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों को रोके- टोके, उनका जीवन महत्वपूर्ण है- उपमुख्यमंत्री

**जयपुर, 15 सिंतबर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि आमजन भी बिना हेलमेट चलने वालो को देखकर अपनी गाडी रोक कर उन्हें रोके और हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करें क्योकि बात केवल चालान की नही है बल्कि दूसरो के जीवन की सुरक्षा की है। उपमुख्यमंत्री सोमवार को एआईसीटीई केन्द्र ,झालाना ,जयपुर के सभागार में आयोजित सुरक्षित सड़क मार्ग अभियान समापन एवं अभियंता दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रही थी। उपमुख्यमंत्री ने कहा की यातायात नियमों का पालन नही करने वालों को जागरूक करने में आमजन भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। उन्होने सुरक्षित




सड़क मार्ग अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह सीधा जनता से जुडा हुआ अभियान है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंताओं ,खासकर महिला अभियंताओं की टीम ने प्रदेश के छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करने के लिए ऐतिहासिक अभियान चलाया है जिसके लिए मुख्य अभियंता गुण नियंत्रण जसवंत खत्री एवं सभी अभियंता बधाई के पात्र है। आम आदमी के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा हुआ यह अभियान बहुत महत्वपूर्ण है ,इसलिए सभी विधायकों एवं सासंदों से आग्रह किया जायेगा कि वे अपने सोशल मीडिया अकाउट्स पर इस अभियान के प्रमुख घटकों को शेयर करें। सभी अभियंता यह तय करें कि सप्ताह में दो दिन सड़कों का निरीक्षण करे। उन्होंने कहा कि केवल फाईल साईन करना काम नही है ,जो सड़के बन रही है या बन चुकी है उनका निरीक्षण कर साप्ताहिक रिपार्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर उपमुख्यंमंत्री दिया कुमारी एवं राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने प्रदेश के सभी अभियंताओं को अभियंता दिवस की शुभकामनायें दी। 1097 संस्थानों के 4.18 लाख छात्र-छात्राओं को किया जागरूक।

## विशेष निरोधात्मक अभियान -प्रदेश में 2 लाख 96 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट -विभिन्न निरोधात्मक कार्यवाही में 1683 केस दर्ज - 1035 गिरफ्तार

**जयपुर, 15 सितम्बर।** आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निदेर्शानुसार प्रदेश मेंअवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए अगस्त माह में 2 लाख 96 हजार 36 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में विभिन्न निरोधात्मक कार्यवाही में 1683 केस दर्ज करते हुए 1035 को गिरफ्तार किया गया। आबकारी आयुक्त के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की गई। प्रदेश में अगस्त माह में 2 लाख 96 हजार 36 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 8694, देशी मदिरा की 10548, अवैध मदिरा की 9533, बीयर की 2038 बोतल सहित एक किलोग्राम भांग एवं 1510 लीटर स्प्रिट सीज किया गया।

## केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**जयपुर, 15 सितंबर।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास अठावले ने सोमवार को जयपुर में आयोजित अहम बैठक में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्किट हाउस में हुई बैठक में सामाजिक न्याय एवं



अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती अपर्णा अरोड़ा, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव श्री आशीष मोदी, आयुक्त नगम निगम ग्रेटर डॉ. गौरव सैनी, आयुक्त विशेष योग्यजन श्री केसरलाल मीना सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। श्री अठावले ने केंद्रीय मंत्रालय द्वारा संचालित योजनाओं की गत तीन वर्षों के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, विशेष योग्यजन विभाग, अनुजा निगम द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने बैठक में राज्य में अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए छात्रवृत्ति का राशि वितरण, एससी/एसटी के लिए अत्याचार निवारण अधिनियम का क्रियान्वयन, अंतरजातीय विवाह हेतु अनुदान राशि वितरण, अनुसूचित जाति की छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय के लिए अनुदान राशि वितरण, राज्य में वृद्धाश्रम योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन हेतु अनुदान राशि का वितरण, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। श्री अठावले ने मैनुअल स्कैवेंजरों (हाथ से मैला ढोने वालों) से संबंधित योजनाएँ एवं अनुदान राशि का वितरण, अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जनजाति समुदायों के कल्याण के लिए अन्य योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकानों का आवंटन, जनधन योजना के अंतर्गत बैंक खाते खोलना, बीमा एवं पेंशन की सुविधा, बीपीएल परिवारों को एलपीजी गैस कनेक्शन का आवंटन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

## जनगणना-2027 : राज्य स्तरीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

**जयपुर, 15 सितम्बर। राज्य में प्रस्तावित जनगणना**-2027 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें राजस्थान राज्य के 19 विभागों के प्रशासनिक सचिवों/ वरिष्ठ प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि यह बैठक फरवरी 2027 में आयोजित होने वाली जनगणना की प्रारंभिक बैठक है। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि आगामी जनगणना के लिए प्रशासनिक इकाइयों का समय पर गठन सुनिश्चित करें और सभी कार्य केंद्र सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय के निदेर्शों के अनुरूप पूरे करें। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल स्वरूप में होगी, जिससे तहसील और गाँव स्तर का डेटा सटीक रूप से संकलित होगा। इस डेटा के विश्लेषण से विभिन्न विभाग अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। पंत ने कहा कि केन्द्र सरकार के निदेर्शानुसार सम्बंधित सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनगणना प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रशासनिक इकाई की सीमाओं में परिवर्तन नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 दिसम्बर 2025 तक ही सीमाओं में बदलाव अनुमत होगा और इसके बाद 1 जनवरी 2026 से मार्च 2027 तक किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा। अतः उन्होंने निर्देशित किया कि सम्बंधित विभागों को 1 दिसंबर 2025 के पूर्व उक्त प्रक्रिया पूर्ण कर लेने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जानी है, उन्होंने इसे एक राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए सभी विभागों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना को किया कृषक उपहार योजना में शामिल—

**जयपुर, 15 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने कृषि में तकनीक को बढ़ावा देने एवं कृषि उपज मंडी समितियों में विकास को लेकर निरंतर ठोस कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में अब ॑ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना को कृषक उपहार योजना में शामिल करने का मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अनुमोदन किया है। इससे कृषि उपज मंडी समितियों में ई-भुगतान को बढ़ावा मिलेगा। इस निर्णय से जो व्यापारी ई-नाम के माध्यम से भुगतान करते है उन्हें भी लॉटरी के माध्यम से नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इससे पहले केवल कृषकों को ही ई-नाम से भुगतान प्राप्त करने पर लॉटरी के माध्यम से नगद पुरस्कार प्रदान किया जा रहा था, अब ॑ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना॑ को ॑कृषक उपहार योजना॑ में शामिल होने से व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। जो व्यापारी ई-नाम के माध्यम से भुगतान करेंगे उन्हें उसी विक्रय पर्ची पर पुरस्कार हेतु लॉटरी में शामिल किया जा सकेगा।

**कृषि उपज मंडियों में सम्पर्क सड़क एवं मंडी यार्ड के होंगे निर्माण कार्य**—प्रदेश सरकार ने कृषि उपज मंडियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाने के लिए निरंतर निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार द्वारा किए गए एक अन्य निर्णय के अनुसार राज्य की कृषि उपज मंडी समितियों में लगभग 14.69 करोड़ के विकास कार्य करवाएं जाएंगे।

## विधान सभा अध्यक्ष ने गुजरात के अंबा जी मंदिर में किए माँ अम्बे के दर्शन

**जयपुर, 15 सितम्बर। राज**स्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने गुजरात स्थित श्री अंबा जी मंदिर पहुँचकर माँ अम्बे के पावन दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने माँ अम्बे से प्रदेश की सुख-समृद्धि, लोक कल्याण एवं सबके मंगल की कामना की। इस पावन यात्रा के दौरान उनके साथ मंत्री श्री ओटा राम देवासी,



राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक श्री जोगेश्वर गर्ग, सांसद जालौरझसिरोही श्री लुम्बा राम और गुजरात के खेराली विधायक श्री सरदार भाई चौधरी भी उपस्थित रहे। माँ अंबे के चरणों में सामूहिक रूप से आराधना कर सभी जनप्रतिनिधियों ने जनसेवा के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया। इस अवसर पर श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि माँ अम्बे की कृपा से हमें समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने की शक्ति और मार्गदर्शन मिलता है। यह दर्शन केवल आस्था का ही नहीं बल्कि सेवा और विकास के संकल्प का भी प्रतीक है। इस पावन दर्शन यात्रा ने न केवल श्रद्धा और आस्था को प्रगाढ़ किया बल्कि सभी जनप्रतिनिधियों के लिए समाज की सेवा हेतु नई ऊर्जा और प्रेरणा भी प्रदान की।

## एसआईपीएफ विभाग के जिला कार्यालय करेंगे मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के सहायता केन्द्र के रूप में कार्य

**जयपुर, 15 सितम्बर।** प्रदेश में जरूरतमंद, असहाय व अल्प आय वर्ग हेतु संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में बीमित/पंजीकृत समस्त परिवारों हेतु दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु अथवा पूर्ण स्थाई अपंगता की स्थिति में आर्थिक संबंल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना संचालित की जा रही है।

## विधान सभा अध्यक्ष ने आबू रोड से अंगदान अभियान जीवांजली का किया शुभारंभ

**जयपुर, 15 सितम्बर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने सोमवार को आबू रोड में सच बेधड़क मीडिया समूह द्वारा आयोजित अंगदान अभियान जीवांजली का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने अंगदान को मानवता का कार्य बताते हुए कहा कि अंगदान चिकित्सा संबंधी निर्णय के साथ जीवन और आशा का दान है। मृत्यु के बाद भी हमारी देह किसी और की जिंदगी को अमर कर सकती है। यह कार्य ईश्वरतुल्य सेवा और समाज के लिए सर्वोच्च योगदान है।

विधान सभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने कहा कि अंगदान को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को तोड़ना होगा और इसे पुण्य कार्य के रूप में अपनाना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि एक व्यक्ति अंगदान करके आठ से नौ लोगों को नया जीवन दे सकता है। इसे राष्ट्रीय अभियान बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत, राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी, सरकारी मुख्य सचेतक श्री जोगेश्वर गर्ग, जालोर-सिरोही सांसद श्री लुम्बाराम चौधरी एवं सच बेधड़क मीडिया समूह के डायरेक्टर न्यूज श्री श्रीपाल शक्तावत सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। श्री देवनानी ने सच बेधड़क मीडिया समूह की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

# पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील तंत्र से आमजन के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

## जनसुनवाई में परिवादियों को तत्काल मिल रही राहत

## जनहित से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण को दें प्राथमिकता

## – मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा



जयपुर, 15 सितम्बर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से त्वरित राहत दिलाना तथा अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से सभी सुविधाएं और सेवाएं पहुंचाना हमारी सरकार का ध्येय है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील तंत्र विकसित किया गया है, जिससे आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। श्री शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई कर रहे थे। उन्होंने जनसुनवाई में आई महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को सबसे पहले सुना और अधिकारियों को उनकी परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आए प्रकरणों में संबंधित विभागों से अपडेट ली जाए तथा लोगों को भी उनकी समस्याओं के समाधान की जानकारी नियमित दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समझाइश से प्रकरणों का निस्तारण कर परिवादियों को राहत देने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन समस्याओं के निस्तारण के लिए निरंतर जनसुनवाई करे, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि आमजन के हित से जुड़ी प्रत्येक समस्या को अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के पोस्टरों का विमोचन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के सदस्यों के बैठने वाले स्थान पर जहॉ महिला विधायक बैठती हैं, के ऊपर वीडियो कैमरे लगाकर निगरानी करना ना सिर्फ विधानसभा के नियमों के विपरीत है, बल्कि विधायिका परम्पराओं का भी उल्लंघन है : कांग्रेस

राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के सदस्यों के बैठने वाले स्थान पर जहॉ महिला विधायक बैठती हैं, के ऊपर वीडियो कैमरे लगाकर निगरानी करना ना सिर्फ विधानसभा के नियमों के विपरीत है, बल्कि विधायिका परम्पराओं का भी उल्लंघन है। विधानसभा में कैमरे और माईक विधायकों के सम्बोधन के समय आवाज और उनकी वीडियो को आम जनता के समक्ष लाइव दिखाने तथा विधानसभा के रिकॉर्ड के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं, किन्तु विधानसभा परिसर में जहॉ विपक्ष कांग्रेस से जीत कर आई महिला विधायक बैठती हैं, वहॉ इस प्रकार के वीडियो कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे उस स्थान पर आपसी बातचीत को भी उन कैमरों के माध्यम से रिकॉर्ड किया जा सकता है और देखा जा सकता है, किन्तु इन कैमरों से सार्वजनिक प्रसारण नहीं किया जाता है। इन कैमरों का एक्सेस केवल विधानसभा अध्यक्ष के पास है तथा विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होने के पश्चात भी इन कैमरों के माध्यम से वहॉ मौजूद विपक्षी दल कांग्रेस की महिला विधायकों की समस्त गतिविधियों एवं उनकी बातचीत रिकॉर्ड कर सुनी जाती है जो कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अपने आराम कक्ष में रिकॉर्डिंग के माध्यम से महिला विधायकों पर नजर रखी जाती है। यह समस्त महिला विधायकों की निजता का उल्लंघन है। ऐसी समस्त रिकॉर्डिंग एवं निगरानी न सिर्फ कानूनी रूप से गलत है बल्कि जब सदन नहीं चल रहा हो तो इन कैमरों के माध्यम से ली गई समस्त जानकारी महिला विधायकों के निजता के अधिकार पर एक प्रहार है।

महिला विधायकों की निजता का उल्लंघन, गरिमा और उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने के लिए लगाए गए इन जासूसी कैमरों की शिकायत कांग्रेस पार्टी की समस्त महिला विधायकों ने प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा तथा नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली से की थी तथा महिलाओं की निजता के अधिकार क्षेत्र में गैर कानूनी तरीके से नजर रखने के इस कृत्य को रोकने हेतु कार्यवाही करने की मांग की थी।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए मीडिया की भूमिका अहम : मंत्री जोराराम



**जयपुर, 15 सितंबर**। देश में मजबूत लोकतंत्र के लिए मीडिया की भूमिका सदा ही अग्रणी रही है। आजादी से पहले प्रिंट मीडिया ने देश में क्रांति का माहौल पैदा किया, मगर समय के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने भी समाज में बदलाव लाने में अपनी भूमिका को मजबूत कर लिया। यह बात पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने आबू रोड में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। अपने संबोधन में मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने कहा कि समय और परिस्थितियों के अनुसार बदलाव आया है। अब प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया भी पत्रकारिता के क्षेत्र में मजबूत स्तंभ के रूप में उभरकर सामने आया है।

## पंजाब बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी, गुरुद्वारे में टेका मत्था, नवजोत कौर ने सरकार पर उठाए सवाल

**अमृतसर 15 सितंबर (पी एम ए)** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे हैं। अमृतसर में गुरु रामदास जी एयरपोर्ट पर कांग्रेस इकाई के नेताओं ने राहुल गांधी का स्वागत किया। अमृतसर पहुंचने पर राहुल गांधी ने पंजाब कांग्रेस के पूरे नेतृत्व के साथ अमृतसर स्थित गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा साहिब जी में मत्था टेका और सभी के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और अन्य नेता भी उपस्थित थे। राहुल गांधी के स्वागत के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक नवजोत कौर सिद्धू ने कहा, राहुल गांधी हमारे लिए सबसे बड़े नेता हैं। उनका हमेशा एक ही संदेश रहा है कि 'सेवा करो और सेवा करते रहो।'

## गहलोत ने एसओजी और एसीबी का दुरुपयोग कर दर्ज करवाए थे झूठे मुकदमे: मदन राठौड़

**जयपुर, 15 सितम्बर 2025। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश** अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ द्वारा ब्यावर निवासी भरत मालानी एवं उदयपुर निवासी अशोक सिंह को सहसम्मान बरी किए जाने का निर्णय इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार ने अपने कार्यकाल में विपक्ष से जुड़े निर्दोष व्यक्तियों को राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार बनाया। उन्होंने कहा कि सन 2020 में अशोक गहलोत सरकार ने एसओजी और एसीबी का दुरुपयोग कर झूठे मुकदमे दर्ज करवाए, ताकि अपनी ही आंतरिक फूट और सत्ता संघर्ष को छुपाया जा सके। इस दौरान निर्दोष व्यक्तियों को लगभग एक माह तक जेल में रहना पड़ा। आज न्यायालय द्वारा एसीबी



की प्रस्तुत ऋ के आधार पर दोनों को बरी करना कांग्रेस सरकार की साजिशों और झूठे मुकदमों की पोल खोलता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने उस समय अपने ही अंदरूनी संघर्ष और सचिन पायलट को कमजोर करने के लिए भाजपा समर्थित व्यक्तियों को टारगेट किया, लेकिन सच को दबाया नहीं जा सकता। आज न्यायालय ने साबित कर दिया है कि कांग्रेस की कथनी और करनी में कितना बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि यह फैसला कांग्रेस की नाकाम राजनीति और झूठ की हार है तथा लोकतंत्र और न्याय की जीत है। राठौड़ ने कहा कि जनता सब देख रही है और कांग्रेस द्वारा रचे गए ऐसे षड्यंत्रों का परिणाम कांग्रेस को आने वाले चुनावों में भुगतना होगा। राठौड़ ने याद दिलाया कि उस समय अशोक गहलोत ने अपनी सरकार बचाने के लिए विधायकों को महीनों तक होटल में कैद रखा और वहीं से सरकार चलाई। यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ और सत्ता के लिए कांग्रेस का एक और काला अध्याय था।

उसे छिपाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगा दिए गए थे। गौरतलब है कि ब्यावर निवासी भरत मालानी एवं उदयपुर निवासी अशोक सिंह के विरुद्ध विधायकों की खरीद फरोख्त एवं सरकार गिराने के षड्यंत्र के आरोप में एसओजी में अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार द्वारा 2020 में शिकायत दर्ज करवाकर दोनों व्यक्तियों को अरेस्ट करवाया था तथा कुछ समय पश्चात उपरोक्त में ऋ लगाकर इसी मामले में एक नई एसीबी में दर्ज करवाई।

## केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी से राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल प्रताप सिंह एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कुमार कौशिक जी ने सौजन्य भेंट की

**नई दिल्ली**



आज नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री माननीय श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी से राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल प्रताप सिंह एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कुमार कौशिक जी ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर महाराष्ट्र में हिंदी भाषी नागरिकों पर हो रहे हमलों एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की जानकारी साझा की गई। ज्ञापन के माध्यम से उनसे निवेदन किया गया कि इस गंभीर विषय पर तत्काल ध्यान दिया जाए तथा महाराष्ट्र में रह रहे हिंदी भाषी नागरिकों की सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ। ज्ञापन में निम्नलिखित प्रमुख माँगें की गईं महाराष्ट्र में हिंदी भाषी नागरिकों की सुरक्षा हेतु ठोस एवं दीर्घकालिक उपाय। विशेष हेल्पलाइन नंबर की स्थापना ताकि पीड़ित नागरिक तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।

दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु दिशा-निर्देश। केंद्रीय मंत्री ने पूरे विषय को गंभीरता से संज्ञान में लिया और आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे पर उचित कार्यवाही करवाएँगे।

## हिंदी दिवस पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की और से काव्य गोष्ठी आयोजित

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 15 सितंबर।**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की शाखा बाड़ी की ओर से हिंदी दिवस के उपलक्ष में यीशु वाले हनुमान जी मंदिर पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सत्यदेव चंसौरिया ने कंठ में आ विराजो वीणा वादिनी सरस्वती वंदना प्रस्तुत की उसके बाद नवोदित शायरा अलीना अब्बासी ने तुम क्यों उठा रहे हो जमाने पर उंगलियां, आइना अपने सामने लाकर तो देखिए तथा तेरे घर में नहीं उजाला, मेरा दीपक बुझाने वाले बहुत ही मार्मिक कलाम प्रस्तुत किया उसके बाद बाड़ी के रसखान इब्राहिम खान ने हम भारत के वासी है यह बात अभी भी जिंदी है, मजहब है हमारे अलग-अलग लेकिन भाषा तो हिंदी



है तथा मुझे मालूम है जन्नत की चाबी है मेरी मांझ मैं लगा रहता हूं पैरों को दबाने में प्रस्तुत की उसके बाद राम अवतार शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य ने अपने लोकगीत के माध्यम से हिंदी का सम्मान किया हिंदी बिन होइ न गुजारो, अंग्रेजी पिया विसारो बहुत रोचक तरीके से प्रस्तुत की रवि यादव ने अपना लोकगीत आ जाओ मिलकर भैया डायबिटीज भगाएकै, लोगों की जान बचाईकै प्रस्तुत किया राम वकील प्रताप ने तिनके को तिनका ना समझ डूबते को जब बचाया उसको वह भगवान था तथा तुम न जाने कौन से मधु- गीत ही गाते रहे

कविता प्रस्तुत की सुरेंद्र सिंह परमार ने सामाजिक परिवर्तन की विभीषिका पर सचेत करते हुए परिवर्तन है जी परिवर्तन माधव अब कुछ करो, नहीं यह रसा रसातल जाती है, शादियां रेत-घर बन बैठी छह माह नहीं चल पाती है आधुनिक परिवर्तन पर व्यंग्यात्मक कविता प्रस्तुत की तथा गधे को मिल गई कुर्सी तो वह भगवान होता है आयोग्य लोगों को कुर्सी पर बैठना बहुत खतरनाक और घातक होता है प्रस्तुत की अंत में सत्यदेव चांसोरिया ने हिंदी माता अपने ही घर में बैठी बन दुखियारी हैसुनाकर हिंदी भाषा पर दुख व्यक्त किया तथा उत्तराखंड की भयंकर प्राकृतिक आपदा का मार्मिक वर्णन प्रस्तुत करती हुई कविता सुनाई और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभाकर दीक्षित ने हिंदी के स्वरूप पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया मैं हिंदी हूं मैं सूरदास की दृष्टि बनी कविता भी प्रस्तुत की इस काव्य संध्या में प्रभाव शर्मा अध्यापक ,श्याम सुंदर , वैभव शर्मा, अशोक शर्मा प्राचार्य ,रामनाथ शर्मा, महेश कुमार, महेंद्र सिंह, नंदराम यादव, ओमवीर सिंह, राधे जी, विक्की, टिंकू यादव, महाराज सिंह, गोपाल दास तथा ईशू वाले हनुमान जी मंदिर के महाराज उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी ने बिहार को दिया 40,000 करोड़ की योजनाओं की सौगात, पूर्णिया में एयरपोर्ट का उद्घाटन

**पूर्णिया 15 सितंबर (पीएमए)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को सीमांचल के पूर्णिया पहुंचे। यहां उन्होंने सिकंदरपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में करीब 40,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली रेल, कृषि और हवाई मार्ग से जुड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन योजनाओं से सीमांचल को बहुत लाभ मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहे। पीएम मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का शुभारंभ किया। यह बोर्ड उत्पादन और नई प्रौद्योगिकी के विकास को बढ़ावा देगा, फसलोत्तर प्रबंधन को मजबूत करेगा, मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण को बढ़ावा देगा तथा मखाना के बाजार, निर्यात और ब्रांड विकास को सुगम बनाएगा, जिससे बिहार और देश के मखाना किसानों को लाभ होगा।

## भाजपा मंडल बसई नवाब की सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का हुआ आयोजन



**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 15 सितंबर।**

भाजपा भाजपा मंडल बसई नवाब की सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के निदेर्शानुसार एवं मंडल संयोजक केजी तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत अतिथियों के द्वारा युगपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री रामकुमार कुशवाहा ने कहा की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे जिला मंत्री भाजपा हरेंद्र राव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई जैसे कार्य सम्मिलित हैं।

बसई नवाब भाजपा मंडल संयोजक केजी तिवारी ने कहा कि संपूर्ण मंडल में बूथ स्तर पर जन्म दिवस के मौके पर साफ सफाई की जावेगी तथा वृक्षारोपण रक्तदान व दिव्यांगों के लिए सहायता कार्य किए जाएंगे।

सेवा पखवाड़ा मंडल संयोजक हरिओम बघेल ने कहा सेवा पखवाड़ा के तहत प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम सुनिश्चित हैं। अन्तोदय की भावना से प्रेरित कार्य किए जाएंगे कार्यक्रम के सहसंयोजक कुमर बघेल ने सभी अतिथियों का हार्दिक आभार प्रकट किया।

इस मौके पर कार्यक्रम के सह संयोजक टीकम सिंह लोधा, दिवाकर प्रजापति, लक्ष्मीधर त्यागी,कल्याण शर्मा,मेघ सिंह, प्रकाश चंद,भगवान सिंह ,प्रकाश लोधा ,मोहन सिंह,मुन्ना लाल,अजय शर्मा, सूरज परमार,अमित परमार सुखराम,सचिन आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विप्र फाउंडेशन के राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 15 सितम्बर।**

**गंगापुर सिटी में विप्र** फाउंडेशन जोन -ऊ का प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह विजय पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा उर्फ चच्चू भैया व विशिष्ट अतिथि विप्र फाउंडेशन के जॉन- 1 के अध्यक्ष कर्नल राजेश जी,

जे. सी. शर्मा रिटायर्ड आई.जी., राजरानी शर्मा सभापति नगर परिषद करौली, बनवारी लाल शर्मा आरएएस थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन 1-ऊ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ हेमंत शर्मा ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में सियाराम शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष व राष्ट्रीय लाइब्रेरी प्रकल्प प्रभारी, कैलाश तिवारी प्रदेश संगठन



महामंत्री, डॉ सुभाष चंद्र शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष जॉन 1-ऊ धर्मेंद्र बिधौलिया प्रदेश महामंत्री जोन 1- डी, जोन-1ए अध्यक्ष कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी, जोन- 1- ए प्रदेश महामंत्री हरिसूदन शर्मा, दिलीप तिवारी जिला अध्यक्ष गंगापुर सिटी, इंदेश तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक करौली थे। कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों की करीब 350 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धौलपुर से जोन 1-ि के प्रदेश उपाध्यक्ष व जोनल प्रभारी डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री मीडिया प्रकोष्ठ धर्मेंद्र बिधोलिया, धौलपुर के जिला अध्यक्ष डॉ संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश पाठक, जिला महामंत्री अशोक पचौरी, जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार शर्मा, जिला सचिव बनवारी लाल शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष विप्र संजीव, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन तिवारी, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गोविंद शर्मा एवं अनेक पदाधिकारी व कार्यकताओं ने शिरकत की। कार्यक्रम में धौलपुर से शिवम शर्मा पुत्र डॉ सुभाष चंद्र शर्मा को जन्म से मूकबधिर होने के बावजूद पावर लिफ्टिंग में राज्य स्तर पर रजत पदक व राष्ट्रीय स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त करने हेतु, मानसी पचौरी पुत्री अशोक पचौरी को राज्य स्तरीय फुटबॉल खिलाड़ी होने हेतु, संदीप शर्मा को पत्रकारिता में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने व श्रेष्ठ पत्रकारिता हेतुवधर्मेन्द्र बिधोलिया जिला संवाददाता धर्मेन्द्र बिधौलियाको श्रेष्ठ पत्रकारिता के लिए,विवेक शर्मा,श्याम सुंदर शर्मा, सोनू शर्मा को भी अपने योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## लगातार दो दिन में दो हादसों से सहमा फुलिया कलां पहले हादसे में चार जनों की मौत वहीं दूसरे हादसे में तीन जनों की मौत

**सुरज वर्मा**



शाहपुरा के फुलिया कलां में शिवदासपुरा कार हादसे में सात जनों की मौत मे से चार लोग फुलिया कलां के अन्तिम संस्कार के उस वक्त हादसा हुआ जब अन्तिम संस्कार के बाद नहाने उतरे 7 लोग खारी नदी में डूबे जिनमें तीन की मौत व चार अन्य लोगों को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराए गए हैं। जहां शाहपुरा अस्पताल में भीलवाडा सांसद दामोदर अग्रवाल व शाहपुरा विधायक समेत तमाम अधिकारी गण पहुंच कर घायलों से बातचीत कर सरकार से उचित सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया जबकि दोनों घटनाओं ने फुलिया कलां गांव को झकझोर कर रख दिया। गुस्साए लोगों ने शाहपुरा-फुलिया जयपुर रोड पर जाम लगा दिया ।जिला कलेक्टर जसमीत संधू, एएसपी राजेश आर्य, डीएसपी ओमप्रकाश बिश्नोई सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। नहाने के लिए खारी नदी के एनीकट में उतरने वाले व्यक्तियों में विजय प्रताप सिंह (30) पुत्र लक्ष्मण सिंह, मुकेश गोस्वामी (25), महेंद्र माली (25) पुत्र रामेश्वर माली, बरदी चंद (34) पुत्र द्वारका माली, महेश (35) पुत्र राधेश्याम शर्मा, राकेश (28) पुत्र महादेव माली, जीवराज (30) पुत्र रामेश्वर माली डूबने लगे।

## मिंडोलिया में आयोजित संस्कृत शिक्षा विभाग संभाग स्तरीय 14 वर्ष छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन,खेल को खेल की भावना से खेलने वाला ही सच्चा खिलाड़ी है – बेरवा

**सुरज वर्मा**




शाहपुरा शहर में खेल का मैदान व्यक्ति निर्माण का केंद्र है ।खेल के मैदान में जो पसीना बहता है वही जीवन में आगे बढ़ता है । व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास यदि कहीं होता है तो वह है खेल का मैदान इसीलिए खेल को खेल की भावना से खेलने वाला ही सच्चा खिलाड़ी होता है । यह बात राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय मिंडोलिया में आयोजित संस्कृत शिक्षा विभाग संभाग स्तरीय 14 वर्ष छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा ने कहीं उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, बौद्धिक और प्राणिक स्वास्थ्य भी खेल के मैदान से शुरू होता है । आज भारत खेल के क्षेत्र में विश्व में अपना परचम लहरा रहा है । आने वाला समय भारत का है । हमें खेल को प्रतिस्पर्धा की भावना से नहीं अनुस्पर्धा की भावना से खेलना है ।प्रधानाध्यापक परमेश्वर लाल कुमावत ने बताया कि पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉक्टर लालाराम बेरवा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । अध्यक्षता संभागीय अधिकारी मुरारी लाल राव ने की । अतिथियों द्वारा मां शारदे के चरणों में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन स्थानीय सरपंच गोपाल लाल बेरवा ने दिया । विभागीय अधिकारी मुकेश शर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । मुख्य निर्णायक गोविंद कलवार ने प्रतियोगिता के दिशा निर्देश दिए । कार्यक्रम में आभार प्रधानाध्यापक परमेश्वर लाल कुमावत ने किया

## 19 सितंबर को होने वाले अपने हक और अधिकार की लड़ाई झ फसल मुवावजा जन अधिकार आंदोलन तेज

**सुरज वर्मा**



भीलवाडा जिले में आगामी 19 सितंबर को होने वाली फसल मुवावजा जन अधिकार आंदोलन का संदेश साफ है झ यह कोई चुनावी रैली नहीं है। न ही यह किसी राजनीतिक पार्टी के समर्थन में वोट दिलाने की कोशिश है। यह पूरी तरह किसानों के हक, उनकी समस्याओं और उनके अधिकारों के लिए चलाया जा रहा संघर्ष है।कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, जो स्वयं एक किसान परिवार से आते हैं, गुर्जर ने कहा कि यह आंदोलन राजनीति से परे है। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज बुलंद करना और उन्हें उनका हक दिलवाना ही इस आंदोलन का असली उद्देश्य है।गुर्जर ने बताया कि 2024 में वर्तमान सरकार ने जिले की पाँच तहसीलों को अभावग्रस्त घोषित किया था, लेकिन इसके बावजूद आज तक किसानों के खातों में मुआवजे की राशि नहीं आई है। यह किसानों के साथ बड़ा अन्याय है।किसानों का आरोप है कि सरकारी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं और गिरदावरी जैसे काम, जो प्रशासन का दायित्व है, उन्हें खुद किसानों से करने के लिए कहा जा रहा है। इससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है गावो में नेटवर्क सबसे बड़ी समस्या जब सरकार ने जिले में सबसे ज्यादा बारिश बता रखी तो खुद किसान के गिरदावरी करने की नौटंकी कयो

धीरज गुर्जर ने कहा

किसान अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब तक मुआवजे की राशि उनके खाते में नहीं आती, जब तक नुकसान की सही गिरदावरी नहीं होती, यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है।

बैठकों के माध्यम से जिले के गाँव-गाँव जाकर किसानों को जोड़ा जा रहा है और आगामी भीलवाड़ा आंदोलन को सफल बनाने का आान किया जा रहा है। किसान वर्ग भी इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है और इसे अपनी आवाज बता रहा है।

# बकाया ब्याजमाफी की एमनेस्टी योजना के बड़े बकायादारों से अधीक्षण खनिज अभियंता

**जयपुर, 15 सितंबर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त की अध्यक्षता में सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक का आयोजन हुआ। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि खान विभाग की बकाया ब्याजमाफी की एमनेस्टी योजना के बड़े बकायादारों से अधीक्षण खनिज अभियंता वन टू वन संवाद कर वसूली कार्य को गति देंगे। साथ ही अन्य बकायादारों से संबंधित खनिज अभियंता और सहायक खनिज अभियंता संपर्क करेंगे और योजना प्रावधानों की जानकारी देते हुए इस योजना के दायरें में आने वाली राशि की वसूली के ठोस प्रयास करेंगे। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि राज्य स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा होगी वहीं खान विभाग के वित्तीय सलाहकार प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार कर सरकार को अवगत कराएंगे। अतिरिक्त निदेशक वृत नियतकालीन समीक्षा करते हुए वृत स्तर पर मार्गदर्शन व समन्वय बनायेंगे। टी. रविकान्त ने कहा कि राज्य सरकार राजस्व वसूली को लेकर गंभीर है और इसमें किसी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभागीय एमनेस्टी योजना में बकाया मूलराशि में अधिकतम 90 प्रतिशत तक की छूट देते हुए सरल और लाभकरी बनाया गया है। फील्ड अधिकारियों का दायित्व हो जाता है कि वे योजना के दायरें में आने वाले सभी बकायादारों से



संपर्क कर वसूली के ठोस प्रयास करें। उन्होंने न्यायालय में स्टे प्राप्त प्रकरणों को छोड़कर शेष प्रकरणों में भी वसूली प्रयासों में तेजी लाएं। ल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री भजन लाल शर्मा ने विभागीय एमनेस्टी योजना लागू करने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए इस योजना से राज्य सरकार के बकाया राजस्व की वसूली हो सकेगी। साथ ही वसूली प्रयासों में लगने वाले अनावश्यक समय व धन की बचत होने से वसूली कार्य में नियोजित मानव संसाधन का प्रोडक्टिव कार्यों में उपयोग होगा। प्रमुख शसन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि अगस्त तक खान विभाग में 3460 करोड़ रु. से अधिक का राजस्व संग्रहित किया गया है। उन्होंने पुरानी और चालू बकाया की वसूली के साथ ही अवैध खनन गतिविधियों में लगाए गए जुमार्ना राषि की वसूली के निर्देष दिए। उन्होंने कहा कि बकाया राशि संग्रहण के स्पष्ट परिणाम दिखाई दिए जाने चाहिए।रविकान्त ने विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षन सहित विधान सभा से संबंधित जबाव, मुख्यमंत्री सहित अन्य स्थानों से प्राप्त प्रकरणों के समयवद्ध निष्पादन और ई फाईल निष्पादन समय को न्यूनतम स्तर पर लाने के निर्देष दिए। अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय महेष माथुर ने बताया कि राज्य सरकार ने इस साल राजस्व लक्ष्य बढ़ाया गया है ऐसे में वसूली प्रयासों को गति देनी होगी। बैठक में ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सचिवालय सुनील वर्मा, जेएलआर गजेन्द्र सिंह ने हिस्सा लिया। अतिरिक्त निदेशक एमपी मीणा, वाईएस सहवाल, अधिक्षण खनिज अभियंताओं में एनएस शक्तावत, धर्मेन्द्र लोहार, कमले बारेगामा, देवेन्द्र गौड, अविनाश कुलदीप, सुनील शर्मा, ओपी काबरा, अनिल खमेसरा, जयगुरुबख्सानी, एसजी नितिन चौधरी सहित मुख्यालय व खनिज अभियंता व सहायक खनिज अभियंता स्तर के फील्ड अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

----
राजेन्द्र/आकाश

## पात्रों को हक देने के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार, शहर चलो अभियान में होगी एनएफएसए परिवारों की एलपीजी आईडी मैपिंग

**जयपुर, 15 सितंबर।** प्रदेश में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित होने वाले "शहर चलो अभियान (सेवा पखवाड़ा)" में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा एनएफएसए राशनकार्ड धारक परिवारों की एलपीजी आईडी मैपिंग करवाई जाएगी। राज्य सरकार की परिवर्धित बजट घोषणा 2024-25 अनुसार प्रदेश के समस्त खाद्य सुरक्षा लाभार्थी परिवारों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाया जाना है। शहर चलो अभियान कैंप्स में एनएफएसए से जुड़े ऐसे परिवारों को सर्वेक्षण के द्वारा चिन्हित किया जाएगा जिनके पास एलपीजी कनेक्शन है परन्तु जिन्होंने अपनी एलपीजी आईडी एनएफएसए राशनकार्ड से मैप नहीं करवाई है। इस हेतु योजना का नगर निकाय एवं वार्ड स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सर्वेक्षण में चिन्हित पात्र परिवारों एवं कैंप्स के दौरान प्राप्त आवेदनों की एलपीजी आईडी की मैपिंग का कार्य स्थानीय उचित मूल्य दुकानदार पर संस्थापित पोस मशीन में नियमानुसार किया जाएगा। कैम्प हेतु नियुक्त विभागीय प्रभारी अधिकारी समस्त उचित मूल्य दुकानदारों से समन्वय कर यह कार्य संपन्न करेगें। उल्लेखनीय है कि 1 सितम्बर 2024 से मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत राज्य में एलपीजी कनेक्शनधारक परिवार जिनके द्वारा अपनी 16 अंको की एलपीजी आईडी राशनकार्ड से मैप करवा ली गई है, उनके जनआधार मैप खाते में सब्सिडी राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जी रही है। इसके साथ ही "शहर चलो अभियान (सेवा पखवाड़ा)" के दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा आरआरसीसी पोर्टल पर एनएफएसए के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल पात्र परिवारों व सदस्यों की आधार सीडिंग एवं खाद्य सुरक्षा से जुड़े परिवारों व सदस्यों की ई-केवाईसी भी संपन्न करवाई जाएगी।

## अभियंताओं की टीम भावना से हुए ऐतिहासिक विकास कार्य, राजस्थान देश में बना अग्रणी राज्य



**जयपुर, 15 सितंबर।** जल संसाधन विभाग की ओर से सोमवार शाम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में 58वां अभियंता दिवस (इंजीनियर्स डे) मनाया गया। भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 164 वीं जयंती पर समारोह में मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अभियंताओं द्वारा टीम भावना से किए कार्यों से ही राजस्थान सिंचाई क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है, विश्वास है कि अभियंताओं के गुणवत्तापूर्वक कार्यों से प्रदेश शीघ्र ही रोल मॉडल बनेगा। श्री रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विभाग ह्यविरासत के साथ विकास भीह्य की सोच लिए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अभियंताओं से जल संसाधन के ऐतिहासिक विकास कार्यों के दस्तावेजों और पुस्तकों का अध्ययन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इतिहास का अध्ययन करके ही अभियंता बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने जल संरचनाओं के कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता से समझौता नहीं करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा की बजट घोषणाओं पर ली उच्चस्तरीय बैठक

**जयपुर, 15 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी हमारे देश के सुनहरे भविष्य हैं, जिनकी सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने गुणवत्ता के उच्चतम मापदण्डों का पालन करते हुए विद्यालयों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, इन कार्यों में जवाबदेहिता के लिए स्कूली शिक्षा विभाग में कार्यकारी एजेंसी की नियुक्ति करने के लिए भी निर्देशित किया।



मुख्यमंत्री श्री शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग की बजट घोषणाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गांव-ढाणी से लेकर शहरी क्षेत्र में स्थित राजकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शैक्षणिक सुविधाओं तथा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर गहन चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में निर्मित शैक्षणिक संस्थानों के जीर्ण-क्षीर्ण और जर्जर होने पर उनके निर्माण कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मंगवाकर जांच करवायी जाए। साथ ही, निर्मित होने वाले भवनों एवं मरम्मत कार्यों के खर्चों की सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खराब कार्यों के संबंध में जवाबदेहिता को निर्माण कार्यों की प्रमुख शर्तों में शामिल किया जाए। उन्होंने शैक्षणिक भवनों के मरम्मत संबंधी कार्यों के लिए डांग, मगरा, मेवात क्षेत्रीय विकास योजना के तहत अनुमत 20 प्रतिशत राशि का प्राथमिकता से उपयोग करने के विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप कक्षा निर्माण एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित करें। साथ ही, विशेष योग्यजन विद्यार्थियों की पर्याप्त संख्या होने पर व्हीलचेयर की सुविधा भी प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। इन संयत्रों के संचालन से शैक्षणिक संस्थानों की ऊर्जा जरूरत पूरी हो सकेगी और आधारभूत ढांचा भी सुदृढ़ हो सकेगा। उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे डाईनिंग हॉल को मल्टीपरपज विकसित करने के निर्देश भी दिए।

## निवेशकों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें और अनुवर्ती कार्रवाई समझौता ज्ञापनों के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए महत्वपूर्ण– मुख्य सचिव



**जयपुर, 15 सितंबर।** मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने सोमवार को'राइजिंग राजस्थान' वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन– 2024 के दौरान हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों में तेजी लाने के लिए एक समीक्षा बैठक ली। बैठक में श्री पंत ने प्रमुख क्षेत्रों में विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत अद्यतन जानकारी की समीक्षा की, प्राप्त लक्ष्यों पर प्रकाश डाला और जी.बी.सी. लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभाग के अधिकारियों की सराहना की।

श्री पंत ने विभाग के अधिकारियों को परियोजनाओं के समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सुचारू कार्यान्वयन प्रक्रिया को प्राथमिकता देने और निवेशकों के साथ घनिष्ठ समन्वय में काम करने के भी निर्देश दिए। फॉलोअप बैठकों के महत्व पर जोर देते हुए मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा कि नियमित बैठकें, निवेशकों के साथ फॉलोअप कार्यवाही और पारदर्शी प्रक्रिया बनाए रखने से समझौता ज्ञापनों का त्वरित कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा और प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि नई शहरी आवास विकास नीति लागू होने से समझौता ज्ञापनों के कार्यान्वयन के लिए भूमि आवंटन में तेजी लाने में मदद मिलेगी, जिससे परियोजनाओं का शिलान्यास शीघ्रता से शुरू हो सकेगा।

## ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर 17 सितम्बर से होंगे आयोजित

**जयपुर 15 सितम्बर।** राज्य सरकार द्वारा शहरी व ग्रामीण नागरिकों को प्रदत्त सेवाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जन समस्याओं के समाधान हेतु सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत 17 सितम्बर से शहरी सेवा शिविरों व ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया हैं। जयपुर जिले में शिविरों के सफल संचालन हेतु जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता मे सोमवार को सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्टर सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बताया कि शहरी सेवा शिविर व ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित करने का उद्देश्य नागरिकों को समस्त सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा उनसे सम्बन्धित प्रकरणो का निस्तारण कर नागरिकों को राहत प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि शहरी सेवा शिविर का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक नगर निगम हेरिटेज/ग्रेटर, नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के प्रत्येक वार्ड में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविरों का समय प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक रहेगा। जिला कलक्टर ने शिविर की तिथियों व वार्डो के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने व सभी सम्बन्धित जन प्रनिधियों को इस सम्बंध में अवगत करवाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होने शिविरों की जानकारी प्रत्येक वार्ड के नागरिको को प्रदान करने के लिए घर-घर कचरा संग्रहण करने वाले वाहन पर जिंगल्स बजवाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होने बताया कि शिविरों के दौरान शहरी क्षेत्र को स्वच्छ सुन्दर सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से शिविरों को आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत साफ-सफाई स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेन्डिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती 69ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाईसेन्स, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजिस्ट्रेशन, उप-विभाजन एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु विवाह पंजियन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना/प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अन्तर्गत घरेलू शौचालय निर्माण हेतु आवेदन से संबंधित आदि कार्य किये जाएंगे। उन्होने सूचना और प्रौद्योगिक विभाग के संयुक्त निदेशक को सभी ई-मित्र संचालको की वीसी लेकर शिविर के दौरान पूर्ण सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए है। उन्होने शिविर में चिन्हित समस्याओं, लम्बित अन्तर्गत प्राप्त आवेदन एवं सेवा पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों, प्रार्थना-पत्रों, सुझावों का तत्परता से समाधान व निस्तारण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं।

## उपायुक्त ने संयुक्त प्रयास के तहत बाढ़ प्रभावित लोगों के पुनर्वास हेतु गैर सरकारी संगठनों के साथ बैठक की

### –सांसद साहनी ने प्रभावित क्षेत्र के लिए पाँच जेसीबी मशीनें उपलब्ध कराने की घोषणा की



**अमृतसर, 15 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

अमृतसर की उपायुक्त साक्षी साहनी ने आज सांसद श्री विक्रमजीत सिंह साहनी और विधायक श्री कुलदीप सिंह धालीवाल की उपस्थिति में गैर सरकारी संगठनों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें बाढ़ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, आजीविका की बहाली और सर्दियों के मौसम की तैयारियों पर चर्चा की गई। आगामी सर्दियों के मौसम में गर्म कपड़ों की आवश्यकता, किसानों के खेतों में जमा रेत हटाने के लिए भारी मशीनरी (विशेषकर जेसीबी मशीनें), लगभग 8,000 स्कूल किट की उपलब्धता, स्वयं सहायता समूह व्यवसायों (अचार, हस्तशिल्प आदि) की बहाली, पशुपालन, पोल्ट्री फार्म और कृषि के लिए आवश्यक डीजल और रसायनों की आवश्यकता पर चर्चा की गई। सांसद श्री विक्रमजीत सिंह साहनी ने उपायुक्त साक्षी साहनी और पूरी टीम द्वारा की जा रही कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए रेत हटाने के लिए 5 जेसीबी मशीनें उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने यह भी घोषणा की कि सन फाउंडेशन स्किल सेंटर द्वारा प्रभावित परिवारों को निःशुल्क प्लंबिंग और बिजली सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सरबत दा भला, पिंगलवाड़ा, खालसा एड, रिलायंस फाउंडेशन, कलगीधर ट्रस्ट, रेड क्रॉस सोसाइटी और अन्य स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों ने जरूरतमंदों की मदद के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक श्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने भी इस संयुक्त प्रयास की सराहना की और सभी से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए मिलकर काम करने की अपील की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बाढ़ प्रभावित परिवारों की आजीविका बहाल करना और सरकार, संसद, विधायकों और गैर-सरकारी संगठनों के बीच पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर सरबत दा भला ट्रस्ट ने पशुपालकों के लिए पशु चारे की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। कलगीधर ट्रस्ट ने देव सेबे में जरूरतमंदों की मदद करने की घोषणा की।

इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर श्री रोहित गुप्ता, श्रीमती अमनदीप कौर, सहायक कमिश्नर खुशदीप सिंह, सरबत दा भला ट्रस्ट के अध्यक्ष सुखजिंदर सिंह हीर, श्री सुखदीप सिंह सिद्धू, श्री मनप्रीत सिंह, रेडक्रॉस के सचिव श्री सैमसन मसीह, विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवक और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## धान की कटाई के दौरान, कंबाइन हार्वेस्टर पर सुपर एसएमएस लगाना अनिवार्य : अतिरिक्त उपायुक्त

**अमृतसर, 15 सितंबरः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
अमृतसर की उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी के निदेर्शानुसार, जिला प्रशासनिक परिसर अमृतसर में अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास), अमृतसर श्रीमती अमनदीप कौर की अध्यक्षता में जिले के कंबाइन हार्वेस्टर संचालकों और मालिकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर, अतिरिक्त उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि कंबाइन मालिक धान की कटाई से पहले प्रत्येक कंबाइन हार्वेस्टर पर एसएमएस लगाना अनिवार्य करें। उन्होंने कहा कि बिना एसएमएस वाली कंबाइन से कटाई करने वाले कंबाइन मालिकों के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर, मुख्य कृषि अधिकारी, अमृतसर, श्री बलजिंदर सिंह भुल्लर ने कहा कि सुपर एसएमएस पराली को काटकर खेत में समान रूप से फैला देता है, जिससे पराली जल्दी सूख जाती है और गेहूँ की बुवाई के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरणों जैसे सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर और हैप्पी सीडर की खेत में कार्य क्षमता बढ़ जाती है। इस विधि से पराली को बिना आग लगाए खेत में दबाया जाता है, जिससे मिट्टी में मौजूद बहुमूल्य पोषक तत्व, मित्र कीट और सूक्ष्म जीव बढ़ते हैं और मिट्टी स्वस्थ बनती है। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब सरकार किसान द्वारा उत्पादित प्रत्येक अनाज को खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन कटाई के समय फसल में नमी की मात्रा निर्धारित मानकों के अनुसार होनी चाहिए। जिसके मद्देनजर कंबाइन मालिकों को निर्देश दिए गए कि सीजन के दौरान फसल की कटाई केवल सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक ही की जाए।

## जयपुर पुलिस आयुक्त 17 सितम्बर को खोह नागोरियान थाने में करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर,15 सितम्बर।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस आयुक्त श्री बीजू जॉर्ज जोसफ 17 सितम्बर (बुधवार) को 4 पीएम से 7 पीएम तक पुलिस थाना खोह नागोरियान में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रथम) श्री मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त पूर्व श्री संजीव नैन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व, सहायक पुलिस आयुक्त बस्सी, मालवीयनगर एवं आदर्शनगर एवं संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पुलिस थाना बस्सी, कानोता, तूंगा, एयरपोर्ट, मालवीयनगर, जवाहर सर्किल, बजाजनगर, खोह नागोरियान, आदर्शनगर, ट्रांसपोर्टनगर, जवाहर नगर एवं जामडोली क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस आयुक्त द्वारा शिप्रापथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधरनगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रतापनगर (जयपुर पूर्व), जयसिंहपुरा खोर (जयपुर उत्तर) जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व), वैशाली नगर (जयपुर पश्चिम), मुहाना (जयपुर दक्षिण), आमेर (जयपुर उत्तर) महेशनगर (जयपुर दक्षिण), जामडोली (जयपुर पूर्व), झोटवाडा (जयपुर पश्चिम), श्यामनगर (जयपुर दक्षिण) एवं सांगानेर सदर (जयपुर दक्षिण) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

## 16 सितंबर से धान की निर्बाध खरीद शुरू होगी–डीसी

### किसानों से मंडियों में सूखा धान लाने का आग्रह

**फरीदकोट, 15 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )** फरीदकोट की उपायुक्त श्रीमती पूनमदीप कौर ने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण और खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए 16 सितंबर से धान की निर्बाध खरीद शुरू करेगी। उन्होंने बताया कि जिले के 68 खरीद केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था की गई है। किसानों, मजदूरों, आढ़तियों आदि की सुविधा के लिए मंडियों में बिजली, छाया और पेयजल सहित सभी व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि मंडियों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई और व्यवस्थाओं की नियमित जाँच करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे मंडी में धान लाने से पहले अपने आढ़तियों के माध्यम से भूमि का नक्शा अवश्य बनवा लें ताकि बिक्री के समय उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अलावा उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडी में सूखा धान ही लेकर आएं ताकि सफाई के बाद समय पर बोली सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि मंडी में लाए गए धान में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। डिप्टी कमिश्नर मैडम पूनमदीप कौर ने कहा कि पंजाब सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाना है।

## विपक्षी दलों को बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा कम करने के लिए मुख्यमंत्री मान से जनहितैषी सलाह सीखनी चाहिए: धालीवाल

**अमृतसर/अजनाला, 15 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )** आज अजनाला विधानसभा क्षेत्र में रावी नदी में आई प्राकृतिक आपदा से आई भीषण बाढ़, भारी बारिश और सक्की नाले व अन्य बरसाती नालों के सूखे पानी के अलावा, प्रभावित गांवों, ग्राम सभाओं, जैसे चम्यारी, हरड़ खुर्द, अंब कोटली, जगदेव खुर्द, कोट गुरबख्श, पछिया, मच्छीवाहला और कोटली शाह हबीब की बैठकों को संबोधित किया। सत्रों में सरकार द्वारा नियुक्त सर्वेक्षण और गिरदावरी टीमों को फसलों, घरों, पशुधन, स्कूलों, धर्मशालाओं, पंचायत घरों और अन्य सरकारी बुनियादी ढांचे की इमारतों को हुए नुकसान का ईमानदारी और निष्पक्षता से आकलन करने और मॉनिटर की भूमिका निभाने के लिए ब्लॉक विकास पंचायत अधिकारियों और अन्य सरकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में 5 सदस्यीय समितियों का चयन करने की प्रक्रिया को पूरा करने में सहायता की गई। सत्रों को संबोधित करते हुए विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री पंजाब स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि यह स्पष्ट है कि आजादी के बाद पंजाब में बनी कांग्रेस और अकाली भाजपा सरकारों में से, मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार पहली ऐसी सरकार है, जिसने बाढ़ की प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के दर्द को



अपना दर्द समझा है और सरकारी खर्च पर बाढ़ प्रभावित गांवों में नदियों और नालों की गाद के नीचे दबे घरों और गांवों की सफाई के लिए लोगों के हित में पवित्र कदम उठाए हैं। जबकि आज पंजाब में समय-समय पर आई बाढ़ों से प्रभावित गांवों के लोग, जिनमें 1988, 1993, 1995 भी शामिल हैं, अकाली, भाजपा और कांग्रेस पार्टियों की पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान, जो बाढ़ से प्रभावित लोगों के दुख-दर्द से बेपरवाह हैं, अपनी जेब से पैसे खर्च करके गांवों की सफाई, मृत पशुओं को हटाने और खेतों से गाद निकालने के लिए अपने संसाधनों से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री स. मान के नेतृत्व में पंजाब देश का पहला राज्य बन गया है जिसने फसल के नुकसान के लिए 20 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने अजनाला विधानसभा क्षेत्र के बेचारग सहित कुल 195 गांवों और राज्य भर में प्रभावित 2300 गांवों की सफाई के लिए 100 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं और पहले चरण में प्रभावित गांवों की पंचायतों के खातों में 1 लाख रुपये जारी किए गए हैं। बाद में चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री धालीवाल ने बाढ़ पीड़ितों की आड़ में ओछी राजनीति करके अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने वाली भाजपा, कांग्रेस, अकाली दल व अन्य विपक्षी पार्टियों की आलोचना करते हुए दूरगामी दृष्टिकोण अपनाया और कहा कि पंजाब के मतदाताओं द्वारा नकारे गए इन विपक्षी राजनीतिक दलों को झूठी राजनीति करने की बजाय बाढ़ पीड़ितों को मुश्किल घड़ी से बचाने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान व उनके नेतृत्व वाली पूरी सरकार द्वारा निभाई जा रही जनहितैषी राजनीति के गुर सीखने की अभी भी जरूरत है। बाढ़ एक प्राकृतिक आपदा है और अगर पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार न होती तो बाढ़ पीड़ितों को जान-माल के नुकसान की और भी कई मुश्किलों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता, क्योंकि आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल से पहले भी पंजाब में बाढ़ के दौरान तत्कालीन सत्तारूढ़ पारंपरिक पार्टियों के मंत्री, विधायक व अन्य नेता समेत प्रशासन बाढ़ का पानी उतरने के बाद बाढ़ पीड़ितों की सुध लेने के लिए जाता था। इस मौके पर खुशपाल सिंह धालीवाल, ब्लॉक अजनाला के बीडीपीओ क्रमशः रामदास और हर्षा छीना सितारा सिंह विर्क, पवन कुमार बलदरवाल आदि ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच और मुहतबर मौजूद थे।

# टिफिन के लिए झटपट बनाएं अचारी भिंडी, शेफ पंकज भदौरिया ने शेयर की रेसिपी



**रोजाना टिफिन में क्या लेकर जाएं, इसके बारे में ज्यादातर लोगों को बहुत विचार करना पड़ता है. कुछ ऐसा जो बच्चों और बड़ों दोनों को पसंद आ जाए. वहीं अगर आपके घर में सभी को भिंडी खाना पसंद है, तो आप अचारी भिंडी भी टिफिन के लिए बना सकते हैं. इसका स्वाद बहुत ही लाजवाब होता है. आप शेफ पंकज भदौरिया की अचारी भिंडी रेसिपी को अपना सकते हैं.**

रोजाना उन्हीं सब्जियों को एक ही तरह से खाकर बोरियत हो जाती है और हर दिन नया सोचना भी अपने आप में एक बड़ा टास्क बन जाता है. खासकर ऑफिस और स्कूल में टिफिन ले जाने के लिए ज्यादातर लोगों को इसके बारे में विचार करना पड़ता है कि कल टिफिन में क्या लेकर जाया जाएज अगर दिमाग में किसी सब्जी का नाम आता भी है, जो उसे खाने का मन नहीं करता है क्योंकि सब्जी का वहीं टेस्ट जुबान पर रहता है और हमेशा एक ही तरह से बनी सब्जी खाते-खाते बोरियत होने लगती है. कुछ लोगों को भिंडी बहुत पसंद होती है. ज्यादातर लोग नॉर्मल भिंडी को काटकर इसे फ्राई कर ज्यादा खाना पसंद करते हैं.

अगर आपको भी भिंडी खाना पसंद है, लेकिन उसी पुराने तरीके से इसे खाकर बोर हो चुके हैं. तो कुछ नया ट्राई कर सकते हैं. आप टिफिन में अचारी भिंडी बनाकर ले जा सकते हैं. यह घर में बच्चों से लेकर बड़ों सभी को पसंद आएगी. साथ ही लंच के साथ दोस्त भी इसे खाकर बनाने वाले की तारीफ करते नहीं थकेंगे.अचारी भिंडी बनाने के जरूरी सामग्री

शेफ पंकज भदौरिया ने अचारी भिंडी बनाने की वीडियो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर शेयर की है. इसे बनाने के लिए उन्होंने 500 ग्राम भिंडी, 5 से 6 मोटी हरी मिर्च, 4 बड़े चम्मच तेल, 3 प्याज, स्वादानुसार नमक, द छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, ड्ट + ड्ट छोटा चम्मच कलौंजी के बीज, ड्ट छोटा चम्मच सरसों के बीज, 2 बड़े चम्मच नींबू का रस, 6 बड़े चम्मच अचारी मसाला, 2 बड़े चम्मच साबुत धनिया के बीज, 2 बड़े चम्मच सौंफ के बीज, 1 बड़ा चम्मच जीरा और 1 बड़ा चम्मच मेथी दाना का उपयोग किया है.बनाने की रेसिपीइसे बनाने के लिए सबसे पहले तो भिंडी और हरी मिर्च को अच्छे से धोकर साफ कर लें. इसके बाद भिंडी का हैड और टेल काट कर लें और लम्बाई में चीरा लगा दें. अब गैस पर एक पैन रखें और उसमें तेल गर्म कर साबुत धनिया, सौंफ, मेथी दानें, जीरा और सरसों डालें. इन मसालों को धीमीं आंच पर तब तक भूनें, जब तक उनमें खुशबू न आने लगे और हल्का रंग न आ जाए. अब इसे एक प्लेट या कटोरी में निकाल कर ठंडा होने के लिए रख दें. इसके बाद मसालों को दरदरा पीस लें. अब इस पिसे हुए मसाले में स्वादानुसार नमक, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और कलौंजी डालकर मिला लें.अब सभी मसालों से बने इस पेस्ट को भिंडी में भरें. इसके बाद प्याज को पतले और लंबा साइज में कट कर लें. एक पैन में तेल गर्म करें. इसमें कलौंजी, सौंफ और सरसों के दानें डालकर मिक्स करें. अब इसमें प्याज डालकर भून लें. प्याज का रंग हल्का सा गुलाबी होने के बाद इसमें भिंडी डालें और मिक्स करें. इसे ढककर के 3 से 4 मिनट के लिए पकने दें. आप इसे रोटी और रायते के साथ में लंच में लेकर जा सकते हैं. ये सब्जी सभी को बहुत ही स्वादिष्ट लगेगी. साथ ही इसे बनाने में भी आपको कुछ ज्यादा समय नहीं लगेगा. बल्कि आप रात में भिंडी धोकर और सुखाकर रख सकते हैं. साथ ही इसमें भरने के लिए मसाला भी एक दिन पहले रात में बनाकर रखा जा सकता है. तो सुबह आपको बस इसे भिंडी में मिक्स कर पकाना होगा. इस तरह से आपको समय भी बचेगा.

# रूस-यूक्रेन संघर्ष ने कई कंपनियों का मुनाफा बढ़ाया



वास्तव में, नवीनतम रिपोर्टों से पता चलता है कि रूसी कच्चा तेल और भी सस्ता हो गया है क्योंकि भारत सरकार पर ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूस के साथ तेल व्यापार में कटौती करने का लगातार दबाव है। हाल ही में, रूसी यूराल कच्चे तेल की कीमत डिलीवरी के आधार पर ब्रेंट के मुकाबले 3 से 4 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर आ गई है। मुख्य रूप से दो निजी रिफाइनर, आरआईएल और नायरा द्वारा यूराल कच्चे तेल की खरीद महत्वपूर्ण और निरंतर है। भारतीय भोजनकिसी का दर्द दूसरे के लिए फ़ायदे का कारण बन सकता है। यह मुहावरा साढ़े तीन साल पुराने रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया भर में लाभ पाने वाले बड़े व्यवसायों के लिए बिल्कुल उपयुक्त है, जिसमें दोनों पक्षों के अब तक हज़ारों सैनिक और नागरिक मारे गए हैं। ऐसे लाभ पाने वालों की सूची भले ही छोटी हो, लेकिन बेहद प्रभावशाली है। इनमें लॉकहीड मार्टिन, बोइंग और रेथियॉन जैसी कुछ दिग्गज अमेरिकी रक्षा निर्माता कंपनियां और एक्सॉनमोबिल और शेवरॉन जैसी तेल कंपनियाँ; रूस की रोसनेफ्ट, नोवाटेक और सिबुर और रूसी उर्वरक निर्यातक यूरालकेम और फॉसएग्रो; कम्युनिस्ट चीन की प्रमुख रिफाइनरियां; और भारत की अपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) शामिल हैं। माना जा रहा है कि चालू वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान, आरआईएल ने रूसी कच्चे तेल की खरीद से लगभग 5710 लाख डॉलर कमाए या बचाए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध और रूस पर नाटो के व्यापार और वित्तीय प्रतिबंधों के कारण आरआईएल आसानी से सबसे बड़ा भारतीय व्यवसाय लाभार्थी हो सकता है।व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो का यह कहना पूरी तरह गलत नहीं होगा कि ब्राह्मण (अभिजात्य वर्ग का एक रूपक) भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। पिछले साल से भारतीय रिफाइनरियों, जिनमें देश की सरकारी तेल कंपनियां भी शामिल हैं, द्वारा रूसी तेल के सस्ते आयात से भारत के लाखों घरेलू पेट्रोल और डीजल उपभोक्ताओं को कोई फायदा नहीं हुआ, हालांकि तेल रिफाइनरियों ने बड़ा मुनाफा कमाया। आरआईएल ने वित्त वर्ष 2024 में अपने लगभग 35 प्रतिशत उत्पाद, जिनमें रिफाइंड तेल भी शामिल है, भारतीय बाजार में बेचे। हालिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि आरआईएल की जामनगर रिफाइनरी ने अपने उत्पादन का 33 प्रतिशत घरेलू बाजार में बेचा। भारत की एक अन्य प्रमुख निजी रिफाइनर, नायरा एनर्जी, जिसमें रूसी निवेशकों की एकल बहुमत हिस्सेदारी है, अपने लगभग 70-75 प्रतिशत रिफाइंड तेल उत्पाद भारतीय बाजार में बेचती है। बाकी निर्यात किया जाता है। नायरा का घरेलू फोकस देश भर में 6,500 से अधिक ईंधन स्टेशनों के अपने नेटवर्क द्वारा समर्थित है। भारतीय भोजन

जबकि दो निजी पेट्रोलियम क्रूडरिफाइनर भारत के रूसी तेल के कुल आयात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा खपत करते हैं, देश के सरकारी स्वामित्व वाले रिफाइनर जैसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (बीपीसीएल), और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (एचपीसीएल) उसी बाजार से रूसी तेल खरीदते हैं। उन्हें भी रूसी तेल की रियायती कीमत का लाभ मिला। भारत ने, कुल मिलाकर, अकेले चालू वर्ष के दौरान रूसी तेल खरीद से लगभग 3.8अरब डॉलर की बचत की। हालांकि, सरकार की ओर से तेल रिफाइनरियों को देश के उपभोक्ताओं को आंशिक रूप से भी लाभ पहुंचाने के लिए प्रेरित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। भारत ने पिछली बार ईंधन की खुदरा कीमत में कमी 14 मार्च, 2024 को लोकसभा चुनावों से ठीक पहले की थी। कीमतों में केवल 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी। यह 22 मई, 2022 से शुरू हुई कीमतों में स्थिरता के दौर के बाद आया है। स्पष्ट रूप से, आरआईएल के नेतृत्व में कुछ भारतीय तेल रिफाइनरियां रियायती रूसी तेल की खरीद से भारी मुनाफा कमा रही हैं।वास्तव में, नवीनतम रिपोर्टों से पता चलता है कि रूसी कच्चा तेल और भी सस्ता हो गया है क्योंकि भारत सरकार पर ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूस के साथ तेल व्यापार में कटौती करने का लगातार दबाव है। हाल ही में, रूसी यूराल कच्चे तेल की कीमत डिलीवरी के आधार पर ब्रेंट के मुकाबले 3 से 4 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर आ गई है। मुख्य रूप से दो निजी रिफाइनर, आरआईएल और नायरा द्वारा यूराल कच्चे तेल की खरीद महत्वपूर्ण और निरंतर है। चालू वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान, भारत ने 2310 लाख बैरल से अधिक कच्चे तेल का आयात किया। दोनों निजी रिफाइनरों ने रूसी उत्पादकों के साथ एक दीर्घकालिक समझौता किया है और अब यूराल के सबसे बड़े खरीदार हैं। भारत ने इस वर्ष रूस के समुद्री यूराल निर्यात का लगभग 80 प्रतिशत खरीदा, यह नीति पश्चिमी दबाव के बीच वाणिज्यिक व्यवहार्यता और राष्ट्रीय हित से प्रेरित है। आरआईएल और नायरा एनर्जी का भारत के यूराल आयात में 45 प्रतिशत हिस्सा है, जिसमें रिलायंस का यूराल हिस्सा उसकी कुल कच्चे तेल की खरीद में 36 प्रतिशत और नायरा का 72 प्रतिशत हो गया है। संयोग से, अमेरिकी ब्रेंटक्रूड की कीमतें बढ़ रही हैं क्योंकि अमेरिकी कच्चे तेल का भंडार घट रहा है। भारतीय भोजनइस साल की शुरुआत में, आरआईएल ने रोसनेफ्ट के साथ 10 साल का समझौता किया था ताकि रूसी कच्चे तेल की खरीद को बढ़ाकर 5,00,000 बैरल प्रतिदिन किया जा सके, जिससे भारतीय कंपनी यूराल की दुनिया की सबसे बड़ी खरीदार बन गई। दोनों के बीच 10 साल का समझौता वैश्विक तेल आपूर्ति का 0.5 प्रतिशत है और मौजूदा कीमतों पर इसका मूल्य लगभग 13 अरब डॉलर प्रति वर्ष है। इस समझौते से कच्चे तेल के प्रवाह में स्थिरता सुनिश्चित होने की उम्मीद है। रोसनेफ्ट के लिए, इसका मतलब भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने का एक बड़ा प्रयास है।सस्ते कच्चे तेल की उपलब्धता ने आरआईएल के सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) को बढ़ावा दिया है, जो रिफाइनिंग व्यवसाय में लाभप्रदता का एक प्रमुख संकेतक है। वित्त वर्ष 2025 में आरआईएल का जीआरएम8.5 डॉलर प्रति बैरल रहा, जो उसके घरेलू प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन था। यह स्पष्ट नहीं है कि भारत के सरकारी तेल रिफाइनर, आरआईएल की तरह आक्रामक तरीके से रूसी कच्चा तेल खरीदने में पहल क्यों नहीं कर रहे हैं। भारत के सरकारी नियंत्रण वाले रिफाइनरों की सामूहिक रिफाइनिंग क्षमता कहीं अधिक है। आरआईएल, जो दुनिया की सबसे बड़ी एकल-साइट रिफाइनरी संचालित करती है, से भी आगे है। नौ रिफाइनरियों के साथ, सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन एक प्रमुख खिलाड़ी है, जो देश की कुल रिफाइनिंग क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संभालती है।

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, रूस-यूक्रेन युद्ध के कई वैश्विक व्यावसायिक लाभार्थी हैं, जिनमें भारत की आरआईएल भी एक है। इस संघर्ष ने एशिया और पश्चिमी दुनिया भर में महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अवसर पैदा किए हैं। एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन, बीपी और शेल जैसी वैश्विक तेल और गैस की बड़ी कंपनियों ने रूसी आक्रमण के बाद से भारी मुनाफा कमाया है। रूसी ऊर्जा पर निर्भरता कम करने के यूरोपीय प्रयास ने अमेरिका (तरलीकृत प्राकृतिक गैस या एलएनजी की आपूर्ति), कतर और नॉर्वे जैसे देशों के अन्य आपूर्तिकर्ताओं की ओर मांग को पुनर्निर्देशित किया है। लॉकहीड मार्टिन, रेथियॉन, नॉरथ्रॉपग्रूम्मन और जनरल डायनेमिक्स जैसी कंपनियों ने जैवलिन मिसाइलों और हिमार्सजैसे हथियारों और युद्ध सामग्री की उच्च मांग से लाभ कमाया है। दुनिया के कुछ शीर्ष कृषि जिंस व्यापारी, जैसे एडीएम, बंज, कारगिल और लुईड्रेफस - जिन्हें %एबीसीडी% चौकड़ी के रूप में जाना जाता है - वैश्विक अनाज प्रवाह को पुनर्निर्देशित और प्रबंधित करके भारी लाभ कमा रहे हैं। भारतीय भोजनरूस-यूक्रेन युद्ध ने रूसी व्यवसायों को भी लाभ पहुंचाया है, आयात प्रतिस्थापन से लेकर अत्यधिक रियायती विदेशी संपत्तियों के अधिग्रहण तक, क्योंकि पश्चिमी संचालक रूसी बाजार से बाहर निकल गए थे। रूसी अरबपतियों ने ऊर्जा, खुदरा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में पश्चिमी कंपनियों द्वारा छोड़ी गई ऐसी संपत्तियों को हासिल करके लाभ कमाया। फार्मास्यूटिकल्स, खुदरा और विनिर्माण सहित रूसी उद्योग, विदेशी प्रतिस्पर्धियों के बाहर निकलने से पैदा हुए बाजार के खालीपन को भरकर विकसित हुए हैं। साइबर सुरक्षा फर्मकैस्परस्की लैब ने मौजूदा विदेशी कंपनियों से सॉफ्टवेयर अवसंरचना विकास का कार्यभार संभाला।रूसी खुदरा विक्रेता ग्लोरियाजीन्स ने एचएंडएम और ज़ारा जैसी कंपनियों द्वारा खाली किए गए प्रमुख खुदरा स्थानों का अधिग्रहण करके विस्तार किया। व्यापार प्रवाह के पुनर्गठन ने कई देशों के लिए अवसर भी पैदा किए हैं। पश्चिम एशियाई ऊर्जा उत्पादकों के निर्यात राजस्व और आर्थिक लाभ में वृद्धि देखी जा रही है।

तुर्की यूरोपीय आयातों के लिए एक संभावित ऊर्जा केंद्र और रूसी ऊर्जा के पुनर्निर्यात का केंद्र बन गया है। रूसी तेल की अपनी खरीद बढ़ाने के अलावा, चीन ने यूरोप को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की अपनी खेप भी मुनाफे पर बेची है। ज़ाहिर है, ये व्यापारिक प्रतिष्ठान अपने व्यावसायिक लाभ के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध को यथासंभव लंबे समय तक जारी रखना चाहेंगे।

संपादकीय

# सिगरेट स्त्री की आजादी का प्रतीक कैसे

बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधती राय की किताब %मदर मैरी कम्स टू मी% आई है। बताते चलें कि अरुंधती की मां का नाम भी मैरी राय था। कुछ अखबारों ने इस पुस्तक के बहुत से अंश छापे हैं। इन अंशों में अरुंधती ने अपनी मां की विकट आलोचना की है। जैसे ही इस किताब का मुखपृष्ठ प्रकाश में आया, डिजिटल मीडिया में बवाल मच गया। इस पुस्तक के आवरण पर एक लड़की का सिगरेट पीते चित्र छपा है। इसके समर्थक कहने लगे कि मात्र मुखपृष्ठ देखकर किसी किताब के बारे में निर्णय क्यों देना चाहिए। सिगरेट लड़कियां पिएं या न पिएं, यह उनकी मर्जी है।आप मारल पुलिसिंग करने वाले कौन होते हैं। नैतिकता के सारे प्रश्न स्त्रियों पर ही क्यों लादे जाते हैं। यह वह जमाना नहीं कि लड़कियां किसी की आलोचना से डर जाएंगी। बहुत-सी लड़कियों और स्त्रियों ने सिगरेट पीते हुए अपने चित्र फेसबुक पर लगाए। यहां तक कि मुक्तिबोध और राजेंद्र यादव को भी बीच में ले आया गया कि उनकी तो किसी ने आलोचना नहीं की, जबकि मुक्तिबोध का बीड़ी पीते हुए चित्र उनकी पुस्तक के आवरण पर ही छपा था और राजेंद्र यादव का भी सिगार पीते हुए चित्र छपा था।विरोधियों ने कहा कि सवाल लड़कियों के सिगरेट पीने न पीने का नहीं है, सवाल स्वास्थ्य से जुड़ा है। इसे प्रगतिशीलता और स्त्रीवाद से जोड़ना अच्छा नहीं है। यदि लड़के भी ऐसा करते हैं, तो वे आलोचना से परे नहीं हैं। यह भी कहा गया कि आखिर अरुंधती अपने अलगाववादी विचारों के लिए ही जानी जाती हैं। वह कश्मीर के लोगों का आवाहन कर चुकी हैं कि इस भूखे-नंगे हिंदुस्तान से अलग हो जाओ। कुछ दिनों पहले यह लेखिका अपने मोहल्ले के पान वाले के पास गई थी। देखा कि एक के बाद एक लड़कियां सिगरेट खरीद और पी रही हैं। पान वाले से पूछा तो उसने कहा अब लड़कियां बहुत ज्यादा सिगरेट खरीदती हैं।किसी भी तरह से तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन और बहुत से डाक्टर बार-बार कहते रहे हैं। स्वास्थ्य की चिंता सिर्फ लड़कों को ही नहीं, लड़कियों को भी करनी चाहिए, लेकिन उस विचार को क्या कहा जाए, जो खान-पान को भी प्रगतिशीलता से जोड़ता है और सवाल उठाने वालों को रूढ़िवादी, पितृसत्ता का प्रतीक आदि कहता है। कौन नहीं जानता कि किसी उत्पाद को बेचने के लिए प्रकाशकों और लेखकों द्वारा मिलकर कैसी-कैसी मार्केटिंग रणनीतियां बनाई जाती हैं।

प्रकाशकों के लिए किताब एक उत्पाद ही है, जिसे उन्हें खूब बेचना है और भारी मुनाफा कमाना है। इसीलिए किसी खास बात को प्रगतिशीलता और किसी बात को रूढ़िवादिता से जोड़ दिया जाता है। ऐसा करते वक्त अपने ही उस विचार का कतई ध्यान नहीं रखा जाता, जिसमें चुनाव की बात की जाती है। चुनाव में भी आखिर उस चीज को कैसे अच्छा माना जा सकता है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो। मार्केटिंग से जुड़ी एक वरिष्ठ अधिकारी ने कभी कहा था कि हम चाहें तो जहर को भी अमृत बनाकर बेच दें। बस, बेचना आना चाहिए।बहुत पहले सिगरेट बनाने वाली एक कंपनी के मालिक जार्ज वाशिंगटन हिल को महसूस हुआ कि उसकी बिक्री उतनी नहीं हो रही, जितनी होनी चाहिए। उन दिनों अमेरिका में स्त्री अधिकारों की बातें खूब हो रही थीं। वाशिंगटन हिल को जैसे समस्या का हल मिल गया। उन दिनों अमेरिका में भी स्त्रियां सिगरेट नहीं पीती थीं। वे एक मशहूर व्यक्ति एडवर्ड बर्नेज के पास पहुंचे। उन्होंने सिगरेट को स्त्री समानता और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ एक ताकतवर औजार की तरह पेश किया।अमेरिका की बहुत-सी अमीर स्त्रियों को पैसे देकर इस बात के लिए मनाया कि वे सड़क पर सिगरेट पीती हुई निकलें। आखिरकार 1929 में न्यूयार्क में रविवार के दिन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्त्रियां सिगरेट पी रही थीं। इस रैली को नाम दिया गया- टार्चेज आफ फ्रीडम। जैसा कि होना था, रैली को मीडिया में खूब जगह मिली और सिगरेट स्त्रियों के बीच छा गई। स्त्री स्वातंर्त्य के नाम पर यह अन्य देशों में भी जा पहुंची।

# मोदी सरकार का उद्देश्य सिर्फ आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक आंदोलन




कोई भी देश तभी आत्मनिर्भर बन सकता है, जब वह अपनी रोजमर्रा की जरूरतों का सामान खुद बनाए। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना इस दिशा में सबसे जरूरी कदम है। यही वजह है कि दुनिया भर के देश अपने छोटे और कुटीर उद्योगों को मजबूत करने पर जोर देते हैं। देश की समृद्धि तभी संभव है, जब आयात और निर्यात का संतुलन बना रहे और दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता कम हो। आज वैश्विक दबावों के बीच भारत में स्वदेशी को बढ़ाने की बात जोर-शोर से हो रही है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा और सराहनीय कदम उठाया है जीएसटी की दरों में कटौती। उनका लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना है,और जीएसटी में राहत छोटे उद्योगों को सस्ता कच्चा माल और कम लागत देकर इस सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक मजबूत कदम है। मोदी सरकार का उद्देश्य सिर्फ आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक आंदोलन भी है। जब देशवासी स्थानीय उत्पादों को अपनाते हैं, तो वे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि अपने इतिहास, कारीगरी और परंपराओं को भी संजोते हैं। आज,भारतीय उपभोक्ता पहले से अधिक सजग हैं। वे समझते हैं कि हर स्वदेशी खरीदारी एक रोजगार का सृजन करती है और एक आत्मनिर्भर भारत की नींव को और मजबूत करती है।

**घरेलू उद्योगों को एक पहचान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वदेशी भारत का सपना अब एक नई ऊंचाई की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों के बाद अब सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में दी जा रही राहतों के जरिए घरेलू उद्योगों को एक नई उड़ान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कुछ आवश्यक घरेलू उत्पादों पर जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा की गई है। इसका सीधा लाभ छोटे और मध्यम दर्जे के स्वदेशी निमार्ताओं को मिलेगा। इससे न केवल उनकी उत्पादन लागत घटेगी, बल्कि उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी। उदाहरण के लिए, हैंडलूम वस्त्र, बांस उत्पाद, घरेलू खिलौने और आयुर्वेदिक दवाओं पर जीएसटी दरों में राहत दी गई है, जो ग्रामीण भारत और पारंपरिक उद्योगों को एक नई ऊर्जा देगी।

**छोटे कारोबारियों को फायदा**

जीएसटी की दरों में हालिया बदलाव ने छोटे उद्योगों के लिए नई उम्मीदें जगाई हैं। 2025 में कई सामानों पर जीएसटी की दरें कम की गई हैं। मिसाल के तौर पर, 28 प्रतिशत के स्लैब से कई उत्पादों को 18 प्रतिशत और कुछ को 12 से 5 प्रतिशत तक लाया गया है। इससे उत्पादन की लागत कम होगी, खासकर हैंडीक्राफ्ट्स और लेदर-फुटवेयर जैसे क्षेत्रों में, जहां जीएसटी 12 से घटकर 5 प्रतिशत हो गया है। इसका सीधा फायदा यह होगा कि छोटे कारोबारियों को कच्चा माल सस्ता मिलेगा, उनकी लागत 7-8 प्रतिशत तक कम होगी, और वे बाजार में ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। इस कदम से न सिर्फ उत्पादन सस्ता होगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे टीवी और अन्य सामानों पर जीएसटी 28 से 18 प्रतिशत होने से उनकी कीमतें 7-8 प्रतिशत तक कम हो सकती हैं। इससे लोग ज्यादा खरीदारी करेंगे, खासकर ऑटो, कंज्यूमर गुड्स और एफएमसीजी जैसे क्षेत्रों में। नतीजतन, छोटे उद्योगों की के सामान की बिक्री बढ़ेगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**वैश्विक बाजार में और प्रतिस्पर्धी बनेंगी**

जीएसटी में कटौती का एक और बड़ा फायदा निर्यात के क्षेत्र में दिखेगा। कम टैक्स से भारतीय उत्पादों की कीमतें वैश्विक बाजार में और प्रतिस्पर्धी बनेंगी। खासकर लेदर और फुटवेयर जैसे निर्यात-आधारित उद्योगों को इससे खासा लाभ होगा। ये क्षेत्र लाखों लोगों को रोजगार देते हैं, और इनकी मजबूती से ग्रामीण और छोटे शहरों की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। हैंडीक्राफ्ट्स जैसे क्षेत्रों में कारीगरों को सस्ता कच्चा माल और बेहतर मुनाफा मिलेगा, जिससे उनकी आजीविका सुधरेगी।

**वोकल फॉर लोकल का नारा**

भारत विविधताओं वाला देश है,जहां हर क्षेत्र की अपनी विशेषताएं, कारीगरी, उत्पाद और संस्कृति है, लेकिन वैश्वीकरण के कारण हमारे देश के लोकल उत्पादों की उपेक्षा होती रही है। इस स्थिति को बदलने के लिए भारत सरकार ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो आत्मनिर्भर भारत की नींव रखता है वोकल फॉर लोकल का अर्थ है स्थानीय उत्पादों के लिए आवाज उठाना और उनका समर्थन करना। इसका उद्देश्य है कि हम देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता दें, उन्हें अपनाएं, और उनके प्रचार-प्रसार में मदद करें ताकि स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को प्रोत्साहन मिले।

**आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम**

विदेशी उत्पादों पर निर्भरता को कम कर स्वदेशी उत्पादों को अपनाना भारत को आत्मनिर्भर बना सकता है। जब हम स्थानीय उत्पादों को खरीदते हैं, तो इससे छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। हमारे देश की हस्तकला, कपड़ा उद्योग, मिट्टी के बर्तन, और अन्य पारंपरिक उत्पादों को समर्थन मिलता है। देश में ही उत्पादन और खपत से पैसे का प्रवाह देश के भीतर रहता है, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

**आम जनता की भूमिका रहे**

हमें विदेशी ब्रांड्स के पीछे भागने की बजाय भारतीय उत्पादों को अपनाना चाहिए। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लोकल उत्पादों का प्रचार करना चाहिए। त्योहारों और अन्य अवसरों पर भारतीय कारीगरों द्वारा बनाए गए सामान का उपयोग करें। उदाहरण के तौर पर आज खादी, हैंडलूम, हस्तशिल्प, आयुर्वेदिक उत्पाद जैसे पतंजलि आदि को अपनाकर लोग वोकल फॉर लोकल को समर्थन दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश का चिकनकारी, कश्मीर का कढ़ाईदार वस्त्र, और राजस्थान की हस्तशिल्प कलाएं सब हमारी लोकल ताकतें हैं।

**गेम-चेंजर साबित होगा फैसला**

कुल मिलाकर, जीएसटी सुधार छोटे उद्योगों के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। यह न केवल उनकी दक्षता बढ़ाएगा, बल्कि टैक्स की जटिलता को भी कम करेगा। हालांकि इससे सरकारी राजस्व में थोड़ी कमी आ सकती है, लेकिन लंबे समय में यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा और विकास दर को बढ़ावा देगा।

मोदी जी का यह कदम स्वदेशी को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह छोटे उद्योगों को नई उड़ान देने का वादा करता है, जिससे न सिर्फ कारोबारी, बल्कि पूरा देश समृद्ध होगा।

## जीएसटी सुधार हर नागरिक के लिए एक बड़ी जीत : सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि 12 फीसदी जीएसटी दर वाले 99 फीसदी सामान अब 5 फीसदी जीएसटी दर वाले दायरे में आ गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित व्यापार एवं उद्योग संघ के संयुक्त सम्मेलन 'उभरते भारत के लिए कर सुधार' को संबोधित करते हुए ये बात कही। सीतारमण ने कहा कि यह बदलाव तय समय से पहले ही लागू किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक राज्य के अपने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीपावली से पहले जीएसटी सुधारों को लागू करने के निर्देश से बहुत पहले ही इन्हें लागू करने का निर्णय लिया गया है।जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि लोगों के जागने से लेकर सोने तक जीएसटी के लाभ अब दैनिक जीवन के हर पहलू को प्रभावित करते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधार एक प्रमुख कदम उन 99 फीसदी वस्तुओं पर जीएसटी को घटाकर केवल 5 फीसदी करना है, जिन पर पहले 12 फीसदी कर लगता था। सीतारमण ने कहा कि नए जीएसटी सुधार 22 सितंबर, नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगे।

## जीएसटी सुधारों से एमएसएमई में ग्रोथ और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे : केंद्र

**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान, लॉजिस्टिक्स और हस्तशिल्प पर जीएसटी दरें कम होने से आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूती मिलेगी और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण उद्यमियों और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। उदाहरण के लिए, दोपहिया वाहनों, कारों, बसों और ट्रैक्टरों पर कम जीएसटी से मांग बढ़ेगी, जिससे टायर, बैटरी, कांच, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में एमएसएमई को लाभ होता है। किफायती साइकिलें गिग वर्कर्स, किसानों और ग्रामीण व्यापारियों के लिए मददगार साबित होती हैं और सस्ती कारें छोटे शहरों में एमएसएमई और डीलरशिप के लिए मददगार साबित होती हैं। ट्रैक्टरों (1800 सीसी से कम) पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत करने से भारत की वैश्विक ट्रैक्टर निर्माण में अग्रणी स्थिति मजबूत होती है और सहायक एमएसएमई को सहायता मिलती है। वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों (ट्रक, डिलीवरी वैन) पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे माल ढुलाई, रसद लागत, मुद्रास्फीति का दबाव कम हुआ है और एमएसएमई ट्रक मालिकों को लाभ हुआ है।

## एसी ,एलईडी के लिए पीएलआई योजना में 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक फिर आवेदन का मौका

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू उपकरणों (एसी और एलईडी लाइट्स) के लिए पीएलआई योजना के तहत निवेश के इच्छुक उद्यमियों को आवेदन का एक और मौका दिया है। सरकार ने 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक उद्यमियों को फिर से आवेदन का मौका देने का फैसला लिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में यह घोषणा करते हुए कहा कि उद्योग जगत की इस योजना के अंतर्गत और अधिक निवेश करने की इच्छा के आधार पर आवेदकों को आवेदन का यह अवसर देने का निर्णय किया गया है। मंत्रालय का कहना है कि यह निर्णय पीएलआईडब्ल्यूजी योजना के तहत भारत में एसी और एलईडी लाइट्स के प्रमुख पुर्जों के निर्माण से उत्पन्न बढ़ते बाजार और विश्वास को दर्शाता है। यह योजना 16 अप्रैल 2021 को अधिसूचित की गयी थी और इसका बीच में समय-समय पर संशोधन किया गया था। योजना के लिये नयी आवेदन खिड़की 04 जून 2021 को जारी पीएलआईडब्ल्यूजी योजना दिशानिर्देशों में निर्धारित नियमों और शर्तों पर खोली जा रही है।

## कीमत बढ़ने से कम सोना खरीद रहे लोग, कैरेट पर भी कर रहे समझौता

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत आसमान पर होने के कारण लोगों ने गहने-जेवरात की खरीद कम कर दी है, यहां तक कि कैरेट पर भी समझौता कर रहे हैं, इसके बावजूद सर्राफा व्यापारियों की चांदी है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,13,000 रुपये प्रति दस ग्राम से ऊपर है जो पहले कभी नहीं देखा गया था। यह इस साल 30 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हुआ है। यहां भारत मंडपम में 13 से 15 सितंबर तक जारी तीन दिवसीय दिल्ली ज्वेलरी एंड जेम्स फेयर 2025 में मीडिया से बात करते हुए इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेतल वकील वालिया ने कहा कि ऊंची कीमत के अलावा एक और तथ्य है जो लोगों की पसंद को प्रभावित कर रही है। अब महिलाएं भारी जेवर की बजाय हल्के जेवर ज्यादा पसंद करती हैं जिन्हें वे ऑफिस या घरों में भी रोजाना पहन सकें, न कि सिर्फ खास मौकों पर। इसलिए, लोग शादियों में भी हल्के जेवर दे रहे हैं। यह जेब के लिए किफायती भी है और फैशन पसंद युवा वर्ग के लिए बिल्कुल सही है।

## सर्राफा बाजार : सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी की कीमत में आया उछाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना के भाव में मामूली गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज एक बार फिर तेजी आ गई है। सोने की कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,11,170 रुपये से लेकर 1,11,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 1,01,850 रुपये से लेकर 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,32,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। हालांकि, साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान जबरदस्त उतार-चढ़ाव होने के बावजूद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 3,550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 3,120 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। सोने की तरह ही पूरे सप्ताह कीमत में उतार चढ़ाव के बाद चांदी के भाव में साप्ताहिक आधार पर 6,900 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आ गई है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,11,320 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,11,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,11,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,11,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,01,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,11,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,11,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,01,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,11,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,11,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## आईईसी की बैठक भारत मंडपम में 15 से 19 सितंबर तक, दो हजार से अधिक वैश्विक विशेषज्ञ होंगे शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) की 89वीं की आम बैठक (जीएम) राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में 15 से 19 सितंबर तक होगी। इसमें 100 से ज्यादा देशों के 2,000 से अधिक विशेषज्ञ शामिल होंगे।




केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी इस समारोह का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल आईईसी प्रदर्शनी का अनावरण करेंगे। 1960, 1997 और 2013 के बाद ये चौथी बार है, जब भारत प्रतिष्ठित आईईसी की आम बैठक की मेजबानी कर रहा है। मंत्रालय के मुताबिक यह भारत में इलेक्ट्रोटेक्निकल क्षेत्र में अपनी तरह की सबसे बड़ी प्रदर्शनी होगी, जिसमें इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, स्मार्ट लाइटिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी विनिर्माण में नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह भारतीय स्टार्ट-अप्स के लिए एक वैश्विक नेटवर्किंग मंच प्रदान करेगी। अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग के उपाध्यक्ष विमल महेंद्रू ने बताया कि आईईसी के सदस्यों में लगभग 170 देश शामिल हैं। ये देश विश्व की 99 फीसदी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और मूल्य के संदर्भ में वैश्विक व्यापार के लगभग 20 फीसदी व्यापार पर प्रभाव डालते हैं।

## अक्टूबर में शेयर बाजार 3 दिन बंद रहेगा, दिवाली की छुट्टी के दिन होगी मुहूर्त ट्रेडिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।**अक्टूबर के महीने में गांधी जयंती, दशहरा, दिवाली जैसे त्योहारों की वजह से तीन दिन शेयर बाजार में छुट्टी रहेगी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई के हॉली-डे कैलेंडर के मुताबिक अक्टूबर के महीने में 2 अक्टूबर के अलावा 21 और 22 अक्टूबर को छुट्टी रहेगी। इन तीनों दिन बीएसई और एनएसई में सामान्य कारोबार नहीं होगा। स्टॉक मार्केट के हॉली-डे कैलेंडर के अनुसार 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के साथ ही दशहरा भी है। इन दोनों मौकों पर स्टॉक मार्केट में छुट्टी होती है, लेकिन इस बार इन दोनों छुट्टियों का मौका एक ही दिन पड़ रहा है, इसलिए इस दिन बीएसई और एनएसई में ट्रेडिंग नहीं होगी। इसके बाद 21 अक्टूबर को दिवाली और लक्ष्मी पूजन की वजह से बाजार बंद रहेगा। हालांकि, उसी दिन शाम को परंपरागत मुहूर्त ट्रेडिंग का आयोजन होगा, जिसका समय बाद में घोषित किया जाएगा। इसके अगले दिन यानी 22 अक्टूबर को दिवाली बलि प्रतिपदा के मौके पर भी बाजार में छुट्टी रहेगी और किसी तरह का कारोबार नहीं होगा। इस तरह अक्टूबर में निवेशकों को तीन दिन का ब्रेक मिलने वाला है। स्टॉक एक्सचेंज की छुट्टियों की लिस्ट के मुताबिक बली प्रतिपदा की छुट्टी के बाद नवंबर में 5 तारीख को गुरु पूरब की छुट्टी होगी, जबकि 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर स्टॉक मार्केट बंद रहेगा। इन छुट्टियों के अलावा करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट में 5 सितंबर को ईद-ए-मिलाद की भी छुट्टी रहेगी।




## इंडिगो ने अपने इंजीनियरिंग विभाग में पहले महिला तकनीशियन बैच को शामिल किया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने राष्ट्रीय इंजीनियरिंग दिवस पर 33 रखरखाव तकनीशियनों के अपने पहले महिला बैच को शामिल किया। यह पहल विमानन क्षेत्र में तकनीकी भूमिकाओं में प्रतिनिधित्व बढ़ाने और समान अवसर पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडिगो का इंजीनियरिंग विभाग एयरलाइन के 400 से अधिक विमानों के बेड़े में सुरक्षा, गुणवत्ता और विश्वसनीयता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है, जिसने 99.89 फीसदी वित्त वर्ष 2024-25 की तकनीकी प्रेषण विश्वसनीयता हासिल की है। कंपनी ने कहा कि महिला तकनीशियनों के नए बैच ने हाल ही में एक हफ्ते के इंडक्शन प्रोग्राम में भाग लिया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों और महिला इंजीनियरों ने अपने अनुभव साझा किये। इंडिगो के कार्यबल में 44.8 फीसदी से अधिक महिला कर्मचारी हैं और इसमें महिला पायलटों का प्रतिशत 16.2 फीसदी है। इस पहल के साथ ही एयरलाइन विमानन उद्योग में अग्रणी के रूप में अपनी भूमिका को सुदृढ़ करेगी, एक ऐसे भविष्य का निर्माण करेगी, जहां अधिक महिलाएं तकनीकी भूमिकाओं और नेतृत्वकारी पदों पर कदम रखेंगी।

## अगले सप्ताह प्राइमरी मार्केट में खुलेंगे 5 नए आईपीओ, 11 शेयरों की होगी लिस्टिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में काफी हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह कम से कम पांच कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च करने वाली हैं। इनमें दो आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि तीन आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा कल से शुरू हो रहे नए सप्ताह में 11 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट होकर अपने कामकाज की शुरुआत करने वाली हैं। सप्ताह के पहले दिन ही 15 सितंबर को टेक-डी साइबर सिक्योरिटी का 38.99 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 17 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के लिए 183 से 193 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 16 सितंबर को डेकोरेटिव वॉल पैनल बनाने वाली कंपनी यूरो प्रतिक सेल्स का 451.31 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 18 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के लिए 235 से 247 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 60 शेयर का है। इसके अगले दिन 17 सितंबर को टीएमटी बार बनाने वाली कंपनी वीएमएस टीएमटी का 148.50 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 19 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के लिए 94 से 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 150 शेयर का है। 17 सितंबर को ही संपत अल्युमिनियम का 30.53 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में भी 19 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के लिए 114 से 120 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। इसके अलावा गुरुवार 18 सितंबर को जेडी केबल्स का 95.99 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 22 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के लिए 144 से 152 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। इस सप्ताह 11 कंपनियां लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगी। सप्ताह के पहले दिन 15 सितंबर को ही वशिष्ठ लग्जरी फैशन के शेयरों की स्टॉक मार्केट में एंट्री होगी। इसके अगले दिन 16 सितंबर को कृपालु मेटल्स, कार्बन स्टील इंजीनियरिंग, नीलांचल कार्बो मेटालिक्स और टॉरियन एमपीएस के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्ट होंगे।




## केंद्र ने 15 सितंबर से 30 दिनों के लिए खोली पीएलआई योजना के आवेदन की विंडो







एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू उपकरणों (एयर कंडीशनर एसी और एलईडी लाइट) के लिए उत्पादन लिंकड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लिए आवेदन विंडो को 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक 30 दिनों के लिए फिर से खोल दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक इस योजना के लिए आवेदन विंडो 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक ऑनलाइन पोर्टल RL https://pliwg.dpiit.gov.in/पर खुली रहेगी। आवेदन विंडो बंद होने के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 07 अप्रैल, 2021 को एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइटों के कलपुर्जों और सब-असेंबली के निर्माण के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य विनिर्माण को केंद्र में लाना और भारत के विकास को गति देने तथा रोजगार सृजन में जोर देना है। ये योजना वित्त वर्ष 2028-29 तक सात वर्षों की अवधि में क्रियान्वित की जाएगी और इसका परिव्यय 6,238 करोड़ रुपये है।

## पीएसयू बैंक 'विकसित भारत 2047' में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयारः डीएफएस सचिव एम. नागराजू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) अस्तित्व और स्थिरता के दौर से आगे बढ़ चुके हैं और अब विकसित भारत 2047 की यात्रा में वृद्धि, नवाचार और नेतृत्व की बड़ी भूमिका निभाने को तैयार हैं। वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने गुरुग्राम में दो दिवसीय पीएसबी मंथन 2025 कार्यक्रम के समापन पर यह बात कही। नागराजू ने पीएसबी मंथन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की आकांक्षा रखने को कहा। उन्होंने अपने संबोधन में शासन और परिचालन लचीलेपन को मजबूत करने तथा पारंपरिक और उभरते उद्योगों में अपनी भूमिका बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा आयोजित 'पीएसबी मंथन 2025' का विषय, विकसित भारत के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग की पुनर्कल्पना था। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, नियामक, उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद, प्रौद्योगिकीविद् और बैंकिंग व्यवसायी शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्राहक अनुभव, शासन, नवाचार, ऋण वृद्धि, जोखिम प्रबंधन और प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण पर चर्चा हुई।मंत्रालय के मुताबिक प्रख्यात वक्ताओं में भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे; देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन; सेबी के पूर्व अध्यक्ष एम. दामोदरन, आईआरडीएआई के पूर्व अध्यक्ष देबाशीष पांडा, आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर, आर गांधी, एनएस विश्वनाथन और एमके जैन तथा एसबीआई के पूर्व अध्यक्ष रजनीश कुमार और दिनेश कुमार खारा तथा वित्तीय क्षेत्र, उद्योग, शिक्षा और प्रौद्योगिकी के कई अन्य प्रतिष्ठित नेता शामिल थे।




## जीएसटी दरों में भारी कटौती से किसानों, सहकारिताओं और ग्रामीण उद्यमों को बड़ी राहत

एजेंसी

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार के वस्तु एवं सेवा कर में व्यापक कटौती करने का सीधा लाभ 10 करोड़ से अधिक डेयरी किसानों, सहकारी संस्थाओं और ग्रामीण उद्यमों को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए इन #Ne&tGenGST सुधारों का पूरे दुग्ध सहकारी क्षेत्र, जिसमें अमूल जैसे बड़े ब्रांड भी शामिल हैं, ने स्वागत किया है। दुग्ध और खाद्य उत्पादों पर राहतः दूध और पनीर, चाहे ब्रांडेड हों या बिना ब्रांड के, को जीएसटी से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। वहीं, मक्खन, घी और अन्य दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी 12फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दिया गया है। इसके अलावा, चीज़, नमकीन, पास्ता, जैम, जेली, भुजिया और फलों के जूस पर भी जीएसटी 12फीसदी या 18फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दिया गया है। इससे इन उत्पादों के दाम कम होंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ेगी। पैकिंग पेपर और डिब्बों पर भी जीएसटी 5फीसदी कर दिया गया है, जिससे लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी आएगी।

कृषि और परिवहन क्षेत्र में भी लाभः कृषि क्षेत्र में किसानों को बड़ी राहत दी गई है। 1800 सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों और उनके पुर्जों पर जीएसटी 18फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दिया गया है। अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड और नाइट्रिक एसिड जैसे प्रमुख उर्वरक इनपुट पर जीएसटी 18फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दिया गया है, जिससे उर्वरक सस्ते होंगे और किसानों को समय पर उपलब्ध होंगे। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए, बारह बायो-पेस्टीसाइड और कई सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी 12फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दिया गया है।

इससे जैविक कृषि इनपुट किफायती होंगे। वाणिज्यिक वाहनों पर भी जीएसटी में बड़ी कटौती की गई है। ट्रक और डिलीवरी वैन जैसे मालवाहक वाहनों पर जीएसटी 28फीसदी से घटाकर 18फीसदी कर दिया गया है। इससे परिवहन लागत घटेगी और कृषि उत्पादों की ढुलाई सस्ती होगी, जिससे निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। मालवाहक वाहनों के थर्ड-पार्टी बीमा पर जीएसटी भी 12फीसदी से घटाकर 5फीसदी किया गया है।

## अरुणाचल सरकार ने नामचिक-नामफुक खदान के खनन पट्टे को मंजूरी दी

एजेंसी

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश सरकार ने चांगलांग जिले के खरसांग में स्थित नामचिक-नामफुक कोयला खदान के पट्टे को मंजूरी दे दी है। इस खदान का संचालन गुवाहाटी की कंपनी कोल पल्ज प्राइवेट लिमिटेड करेगी। उसे वर्ष 2023 में हुई नीलामी में 30 वर्षों के लिए यह अधिकार मिला था। पट्टा अधिकार देने को लेकर राज्य सरकार और कंपनी के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर अरुणाचल के भूविज्ञान एवं खनन मंत्री वांकी लोवांग ने कहा कि इस खदान से जल्द ही कोयला उत्पादन शुरू होने की संभावना है। इस खदान से प्रतिवर्ष दो लाख टन कोयला उत्पादन होने की संभावना है, जिससे राज्य को राजस्व मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि खदान का परिचालन शुरू होने से अवैध खनन पर रोक लगेगी और बिजली की मांग पूरी करने में मदद मिलेगी।यह खदान क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश के सुदूर पूर्व में स्थित नामचिक संरक्षित वन का हिस्सा है। यहां पर खनन के लिए सभी जरूरी वन एवं पर्यावरण मंजूरियां केंद्र सरकार से ली जा चुकी हैं। करीब 1.5 करोड़ टन भंडार वाले इस कोयला क्षेत्र में पहले वर्ष 2007 से 2012 के बीच खनन हुआ था, लेकिन नियमों के उल्लंघन एवं अन्य कारणों से इसे रोक दिया गया था।

## साप्ताहिक समीक्षा : पॉजिटिव संकेतों के चलते शेयर बाजार में पूरे सप्ताह बनी रही मजबूती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ट्रेड डील को लेकर अमेरिका के साथ बने तनाव में कमी आने के संकेत, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद और यूरोपीय यूनियन द्वारा भारत के खिलाफ लाए गए अमेरिकी टैरिफ प्रस्ताव को खारिज करने की खबरों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान लगातार मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आया। शेयर बाजार में इस अवधि के दौरान पिछले 3 महीने की सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। शुक्रवार यानी 12 सितंबर को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह में बीएसई का सेंसेक्स 1,193.94 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी के साथ 81,904.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 373 अंक यानी 1.50 प्रतिशत उछल कर 25,114 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान 1.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, वारी एनर्जीज, एसबीआई कार्ड और पेमेंट सर्विसेज, इंडस टावर, अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। लार्जकैप की तरह ही बीएसई का मिडकैप इंडेक्स भी पिछले सप्ताह के कारोबार में साप्ताहिक आधार पर 1.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स ऑफ इंडिया, मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स, फ्लोरोकेमिकल्स, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स, ऑरिकल फाइनेंशियल सर्विसेज, एनएचपीसी और भारत फोर्ज के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए।



इसी तरह बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 8 से 12 सितंबर तक के साप्ताहिक कारोबार में 1.50 प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल जेबीएम ऑटो, सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग, सिगाची इंडस्ट्रीज, इंडो काउंट इंडस्ट्रीज, प्राइम फोकस, प्रेसीजन कैमशाफ्ट्स, आईओएल केमिकल एंड फार्मास्यूटिकल्स, सेलेक्ट एनर्जी सिस्टम्स, दिलीप बिल्डकॉन, रैम्को इंडस्ट्रीज, ग्रीन पैनल इंडस्ट्रीज, इंडिया टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन और एमटीएआर टेक्नोलॉजी के शेयर साप्ताहिक आधार पर 15 से लेकर 36 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर, पारादीप फास्फेट्स, ऋषभ इंस्ट्रूमेंट्स, केआर रेल इंजीनियरिंग, विमता लैबोरेट्रीज, कार ट्रेड टेक और गुड लक इंडिया के शेयरों में 10 से लेकर 16 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। सेक्टोरल फ्रंट पर देखें, तो पिछले सप्ताह के कारोबार में निफ्टी के कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स के अलावा सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर एक प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी का डिफेंस इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 7 प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इसी तरह आईटी इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 4 प्रतिशत उछलकर बंद हुआ। पीएसयू इंडेक्स 3 प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफल रहा। इसके अलावा निफ्टी के ऑटोमोबाइल, मेटल और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स 2 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ बंद हुए।

# भिक्षा आश्रित के घरों की स्थिति में सुधार के लिए सुप्रीम कोर्ट का दिशानिर्देश जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देश भर के भिक्षा आश्रित के गृहों की स्थिति में सुधार के लिए कई दिशानिर्देश जारी किए हैं। यह फैसला दिल्ली के लामपुर भिक्षा गृह में दूषित पानी के कारण हुई मौतों से संबंधित मामले पर दिया गया है।जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि इन गृहों को अब दंडात्मक केंद्र नहीं, बल्कि संविधान की मूल भावना के अनुरूप पुनर्वास और गरिमा देने वाले स्थानों में बदला जाना चाहिए। पीठ ने कहा, 'भिक्षा गृहों को अब ऐसे स्थान के रूप में देखा जाना चाहिए जहां पुनर्प्राप्ति, कौशल विकास और समाज में पुनः एकीकरण की प्रक्रिया हो। 'गृह' शब्द अपने आप में सुरक्षा, गरिमा, अपनापन और देखभाल का प्रतीक है।' सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसे किसी भी इंतजाम को, जो जेल जैसे हालात बनाता है। जैसे भीड़भाड़, गंदगी, जबरन या मनमाने तरीके से बंद करना, इलाज से इनकार, मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा, या व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर रोक को नीति की विफलता नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन माना जाएगा, जो जीवन और गरिमा का अधिकार सुनिश्चित करता है।

कोर्ट ने कहा कि भिक्षा आश्रित गृहों को अब सामाजिक नियंत्रण के उपकरण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उन्हें सामाजिक न्याय के केंद्र के रूप में विकसित करना होगा। पीठ ने कहा कि देश के



भिक्षावृत्ति विरोधी कानून औपनिवेशिक मानसिकता की उपज हैं, जिनका मकसद गरीबी को अपराध मानना था, न कि उसका समाधान निकालना। इस सोच से बाहर आना अब जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की 24 घंटे के भीतर मेडिकल जांच अनिवार्य होगी। हर महीने स्वास्थ्य जांच और रोग निगरानी प्रणाली लागू की जाएगी। पीने का साफ पानी, स्वच्छ शौचालय, कीट नियंत्रण और उच्च स्वच्छता मानक सुनिश्चित किए जाएंगे। दो साल में एक बार स्वतंत्र बुनियादी ढांचा ऑडिट अनिवार्य होगा। अधिक भीड़ पर रोक, केवल स्वीकृत क्षमता तक ही निवासी रह सकेंगे। साफ हवा और खुली जगह वाले सुरक्षित घर उपलब्ध कराने होंगे। हर गृह में पोषण विशेषज्ञ नियुक्त होंगे जो भोजन की गुणवत्ता और पोषण मानकों की जांच करेंगे। एक मानकीकृत डाइट चार्ट बनाया जाएगा जिससे पोषण की कमी न हो। कौशल विकास केंद्र स्थापित होंगे ताकि निवासी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। एनजीओ और निजी संस्थाओं के साथ साझेदारी कर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। निवासियों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी सरल भाषा में दी जाएगी।

## अयोध्या से वाराणसी जा रही बस की ट्रेलर से टक्कर, चार की मौत, नौ घायल

एजेंसी

**जौनपुर** । उत्तर प्रदेश के जौनपुर में सुबह अयोध्या से वाराणसी जा रही एक टूरिस्ट बस अचानक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में चार लोगों की जान चली गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर के पास हुआ। हादसे में मरने वाले सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। सभी रामलला के दर्शन करने अयोध्या गए थे और वहां से वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने जा रहे थे। इस हादसे में घायल हुए लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं, ट्रेलर चालक से पूछताछ की जा रही है। हादसे के चलते हाईवे पर कुछ देर जाम की स्थिति भी बनी, जिसे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सामान्य किया। जौनपुर पुलिस



अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि घटना लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई। टूरिस्ट बस में 50 यात्री सवार थे। सभी यात्री छत्तीसगढ़ के निवासी बताए जा रहे हैं, जो धार्मिक यात्रा पर निकले थे। उन्होंने बताया कि अयोध्या से वाराणसी जा रही बस (सीजी 07 सीटी 4681) में छत्तीसगढ़ के लगभग 50 यात्री सवार थे। यह बस एक ट्रेलर (बीआर 28 जीडी 1475) से टकरा गई। शुरुआती जांच में बस के चालक की लापरवाही सामने आ रही है, आगे की जांच के लिए टीम का गठन किया जा रहा है। विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे की सही जानकारी पता चलेगी। लोगों ने बताया कि हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। लोग घायलों की मदद के लिए दौड़ पड़े। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों के परिवारों से संपर्क और आवश्यक व्यवस्था करने के प्रयास जारी हैं। मृतकों का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और घायलों के इलाज के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

## जूनागढ़ में प्रशासन की कार्रवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाए गए दो धार्मिक स्थल

**जूनागढ़** । गुजरात के जूनागढ़ जिले में प्रशासन ने वेरावल-पोरबंदर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दो धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई की। प्रशासन ने देर रात दोनों धार्मिक स्थलों पर बुलडोजर चलाकर रास्ते से हटाया।जानकारी के अनुसार, जूनागढ़ जिले के मंगरोल क्षेत्र में वेरावल-पोरबंदर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मौजूद दो धार्मिक स्थल यातायात में बाधा पैदा कर रहे थे, जिसके बाद प्रशासन ने दोनों धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई की। इस दौरान राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), स्थानीय प्रशासन, पुलिस और पश्चिम गुजरात विद्युत कंपनी लिमिटेड (पीजीवीसीएल) की संयुक्त टीमें मौजूद रहीं। प्रशासन ने इस कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना



को रोकने के मद्देनजर मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती की। पुलिस अधीक्षक सुबोध ओडेदरा के नेतृत्व में जिला पुलिस प्रमुख सहित वरिष्ठ अधिकारी लगातार गश्त करते रहे। तोड़फोड़ के दौरान रात में कई रास्तों को बंद कर दिया गया था और धवस्तीकरण की कार्रवाई शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जूनागढ़ के एसपी सुबोध ओडेदरा ने बातचीत में कहा, मंगरोल में स्थित वेरावल-पोरबंदर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ धार्मिक अतिक्रमण मौजूद था। पुलिस से आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया, जो हमने उपलब्ध कराए। राष्ट्रीय राजमार्ग टीम ने तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया। साथ ही, कानून-व्यवस्था के मद्देनजर अलग से टीमें भी तैनात की गई थीं। इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक और 150 जीआरडी होमगार्ड जवानों सहित कुल 300 पुलिसकर्मी तैनात थे। एक बड़ा पुलिस काफिला भी मौके पर मौजूद रहा।

# परेशान न हों, इलाज में मदद करेगी सरकार : मुख्यमंत्री योगी

एजेंसी

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश भर से आए हर पीड़ित के पास पहुंचे, उनकी शिकायतें सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। 'जनता दर्शन' में 50 से अधिक लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। रायबरेली से आए किडनी और हृदय रोगी को सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश दिए। 'जनता दर्शन' में रायबरेली के थाना खीरो के ग्राम बरवलिया का एक युवक भी पहुंचा। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके पिता किडनी, हृदय व यूरिन की बीमारी से पीड़ित हैं। प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने में अब आर्थिक दिक्कत आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज में



भर्ती कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी ने इलाज के लिए अस्पताल से एस्टीमेट भी मंगवाने को कहा। 'जनता दर्शन' में इलाज के लिए आर्थिक सहायता को लेकर कई फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आप भी अस्पताल से एस्टीमेट बनवाकर भिजवाएं। आपके इलाज के खर्च की चिंता सरकार करेगी। सरकार विगत 8 वर्ष से हर जरूरतमंद को निरंतर आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। 'जनता दर्शन' में कई फरियादियों के साथ बच्चे भी आए, जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुलार भी किया। बच्चों के सिर पर हाथ रखकर अपनत्व का अहसास कराया। सीएम योगी ने सभी बच्चों को चॉकलेट भी दिए। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जन-जन की सुरक्षा, समृद्धि व खुशहाली महाराज जी की शीर्ष प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' में आए लोगों की समस्याएं सुनीं एवं अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया।'

## गौतम बुद्ध के सिद्धांतों पर चलता है भारत : ओमप्रकाश राजभर

एजेंसी

**लखनऊ** । आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमने विश्व का नेतृत्व किया, लेकिन किसी भी देश पर विजय प्राप्त नहीं की। भागवत के बयान पर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत गौतम बुद्ध के रास्ते पर चलने वाला देश है। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'भारत गौतम बुद्ध के रास्ते पर चलने वाला देश है। गौतम बुद्ध ने हमेशा शांति का संदेश दिया है। उन्होंने यही कामना की कि दुनिया में अमन चैन और भाईचारा कायम रहें और लोग अपने देश के लिए काम करें। भारत का यही प्रयास हमेशा रहा है।' भारत और पाकिस्तान मैच के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव द्वारा पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाए जाने पर कहा, 'मैं इस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन निश्चित रूप से इस मैच को लेकर भारतीयों की यही सोच थी कि पाकिस्तान को हराया जाए और हमारी क्रिकेट टीम ने एक अच्छी



जीत हासिल की। यह जीत 'ऑपरेशन सिंदूर' की तरह है, जिस तरह से हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया, हमारी क्रिकेट टीम ने भी उसी तरह ही जीत दर्ज की है।'

पीएम मोदी के पश्चिम बंगाल और बिहार दौरे पर राजभर ने कहा, 'विपक्ष का काम सिर्फ विरोध करना ही है। अगर हम विकास का काम करते हैं तो वे तब भी विरोध करते हैं। अगर बिहार में किसी तरह की परियोजनाओं की सौगात दी जा रही है, तो यह वहां के लोगों के लिए एक अच्छा संदेश है।'

सुप्रीम कोर्ट द्वारा वक्फ कानून के कई प्रावधानों पर रोक लगाए जाने के फैसले पर ओमप्रकाश राजभर ने कहा,'हम सर्वोच्च अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं। सरकार की मंशा किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि सरकार सबको मुख्यधारा के साथ जोड़ना चाहती है।' ओमप्रकाश राजभर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा।

# झारखंड के हजारीबाग में एक करोड़ के इनामी सहदेव सोरन सहित तीन नक्सली ढेर

एजेंसी

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त ऑपरेशन में सोमवार सुबह एक करोड़ के इनामी माओवादी नक्सली सहदेव सोरन उर्फ प्रवेश सहित कुल तीन नक्सली मारे गए।

मुठभेड़ बरकट्ठा-गोरहर थाना क्षेत्र के पनतीतरी जंगल में हुई। पुलिस मुख्यालय ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने मारे गए नक्सलियों के शव बरामद कर लिए। घटनास्थल से तीन एके-47 राइफल भी बरामद की गईं। मारे गए दो अन्य नक्सलियों में 25 लाख का इनामी और भाकपा माओवादी संगठन की झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी का सदस्य रघुनाथ हेम्ब्रम और 10 लाख का इनामी वीर सेन गंझू शामिल हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान में दो दिन के भीतर झारखंड पुलिस की यह दूसरी बड़ी सफलता है। इसके पहले पलामू के मनातू जंगल में सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के बीच मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली




मुखदेव यादव मारा गया था।7 सितंबर को पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बुर्जुवा पहाड़ी पर पुलिस ने 10 लाख के इनामी नक्सली अमित हांसदा उर्फ अपटन को ढेर किया था। बोकारो जिले का रहने वाला अमित 96 नक्सली वारदातों में वांटेड था। झारखंड पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में औसतन हर महीने तीन नक्सली मुठभेड़ों में मारे जा रहे हैं। फिलहाल राज्य में 100 से 150 माओवादी सक्रिय हैं। 58 नक्सली इनामी सूची में हैं, जिन पर कुल 5 करोड़ 46 लाख रुपए का इनाम घोषित है। पुलिस की मोस्ट वांटेड सूची में भाकपा माओवादी के 13 बड़े नक्सली हैं। इनमें मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी और असीम मंडल पर एक-एक करोड़ रुपए का इनाम है। इनके अलावा, अनमोल, मोछु, अजय महतो, अगेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, जयकांत और रापा मुंडा भी सूची में हैं। इस वर्ष नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ी मुठभेड़ 21 अप्रैल को बोकारो जिले के लुगु पहाड़ पर हुई थी, जब एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी उर्फ विवेक सहित आठ माओवादी मारे गए थे। झारखंड पुलिस और केंद्रीय बल मार्च 2026 तक राज्य को नक्सल मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत जनवरी से अब तक 28 नक्सली मारे जा चुके हैं।

# दिल्ली बीएमडब्ल्यू एक्सीडेंट केस : पुलिस ने सबूतों को नष्ट और छुपाने की धारा एफआईआर में जोड़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कैंट इलाके में हुए बीएमडब्ल्यू एक्सीडेंट केस में बड़ा एक्शन लिया है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी बीएमडब्ल्यू कार चालक के खिलाफ एफआईआर में सबूतों को नष्ट और छुपाने की धारा भी जोड़ी है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने धारा 105, 125बी, 281 और 238 के तहत एफआईआर दर्ज की।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, बीएमडब्ल्यू कार चालक के खिलाफ एफआईआर में बीएनएस 238 धारा को जोड़ा गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक्सीडेंट स्पॉट से अस्पताल की दूरी 19 किलोमीटर है। आरोपी पीड़ित को नजदीक के अस्पताल नहीं, बल्कि 19 किलोमीटर दूर अस्पताल में लेकर गया। मुखर्जी नगर इलाके में वह अस्पताल है, जहां पीड़ित को लाया गया। दावा है कि यह अस्पताल आरोपी के किसी जानकार का है। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि जिस न्यूलाइफ अस्पताल में नवजोत सिंह और उनकी



पत्नी भर्ती थे, वह दुर्घटनास्थल से लगभग 17 किलोमीटर दूर है, जबकि कई अस्पताल घटनास्थल के नजदीक थे। दंपति के बेटे ने अपने माता-पिता को इतने दूर स्थित अस्पताल में भर्ती कराने के फैसले पर सवाल उठाए हैं।बता दें कि दिल्ली कैंट मेट्रो स्टेशन के पास एक बीएमडब्ल्यू कार ने एक बाइक को टक्कर मारी थी, जिसमें बाइक सवार नवजोत सिंह की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हैं। नवजोत सिंह, वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में उप सचिव के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि रविवार शाम को वे बंगला साहिब गुरुद्वारा से अपनी बाइक पर घर लौट रहे थे, जब यह दुर्घटना हुई। दिल्ली पुलिस के अनुसार, बीएमडब्ल्यू कार को गगनप्रीत नाम की महिला चला रही थी, जबकि उसका पति बगल की सीट पर बैठा था। हादसे की सूचना पर जब पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, तो बीएमडब्ल्यू कार पलटी हुई थी और बाइक डिवाइडर के पास खड़ी थी। फिलहाल, दिल्ली पुलिस की जांच जारी है।

## लालू के चारा घोटाले के पैसों से हो जाता बिहार का विकास : गिरिराज सिंह

एजेंसी

**बेगूसराय** । बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सियासत में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। प्रधानमंत्री मोदी के आगामी पूर्णिया दौरे को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी को अपने पिता लालू यादव से ज्ञान लेना चाहिए। तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री की रैली से बिहार जैसे गरीब राज्य पर 100 करोड़ रुपए का भारी-भरकम वित्तीय बोझ पड़ता है। इतनी बड़ी धनराशि से बिहार के स्कूलों में चारदीवारी, खेल के मैदान और लड़कियों के लिए अलग से शौचालय बनाए जा सकते थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि पीएम की कई रैलियों से राज्य पर अनावश्यक बोझ पड़ रहा है। वहीं, तेजस्वी यादव के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा,'तेजस्वी यादव को अपने पिता से कुछ सीख लेनी चाहिए, या यूं कहें कि उनके पिता को कुछ ज्ञान देना चाहिए था। उनके पिता ने चारा घोटाले में जो पैसा गंवाया था, उससे आज बड़ा विकास हो सकता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल के कार्यकाल में देश विकास की ओर बढ़ रहा है। इसके साथ ही विदेशों में भी भारत अपना डंका बजा रहा है। जब भी प्रधानमंत्री मोदी बिहार आते हैं, हजारों करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हैं, जिससे बिहार के विकास को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और लालू यादव के 10 साल के शासन को भ्रष्टाचार ने घेर लिया था। इन लोगों का काम केवल अपना और परिवार का विकास करना है।

## 'कलेक्टर को प्रॉपर्टी विवाद पर फैसला लेने का अधिकार नहीं', वक्फ कानून के कई प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली** । सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगा दी है। अब कलेक्टर को प्रॉपर्टी विवाद पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं होगा। हालांकि, यह रोक तब तक के लिए है, जब तक कि संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने सोमवार को इस मामले में अंतरिम राहत पर फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं है, लेकिन कुछ धाराओं पर अंतरिम संरक्षण जरूरी है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा, 'हमने प्रत्येक धारा को दी गई प्रथम दृष्टया चुनौती पर विचार किया है। हमने पाया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता। हालांकि, कुछ धाराओं को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि पूर्वधारणा हमेशा कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होती है और हस्तक्षेप सिर्फ दुर्लभतम मामलों में किया जाता है। फैसला देते हुए




सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि नए कानून के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा रहे हैं। कोर्ट ने आदेश में कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। कलेक्टर को ऐसी शक्तियों से संबंधित प्रावधान पर रोक रहेगी।

# मुंबई में लगातार बारिश के जनजीवन बेहाल, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई और उसके आसपास के जिलों में रविवार रात से ही तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने मुंबई में अगले कुछ घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई के कई जिलों में रविवार रात से ही लगातार तेज बारिश हो रही है, जिसकी वजह से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही, 30-40 किलोमीटर



प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। लोगों को इस दौरान सतर्क और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। इसी बीच लगातार हो रही बारिश का असर सोमवार सुबह देखा गया। बांद्रा रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पर पानी भर गया। लेकिन, अभी तक ट्रेनों का परिचालन बंद नहीं किया गया है। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में भी सुबह से गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो रही है। इसके कारण शहर के शास्त्री चौक इलाके में जगह-जगह जलभराव हो गया है। तेज बारिश होने से महिला समाज स्कूल परिसर में भी पानी भर गया है और यहां का नजारा तालाब की तरह दिखने लगा। जलभराव के कारण छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश ने मोनोरेल सेवा पर भी असर डाला। बारिश के कारण तकनीकी खराबी के चलते इसके परिचालन में दिक्कतें पैदा हुईं। बीएमसी ने मौसम पूर्वानुमान में शहर और उपनगरों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश के साथ सामान्यतः बादल छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है। इसी के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की तेज हवा के साथ गरज और बिजली गिरने की संभावना भी जताई गई है। वहीं, भारी बारिश और तेज हवा को देखते हुए मछुआरों को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया है। बारिश के दौरान मछली पकड़ने जैसे कार्यों से दूरी बरतने की सलाह दी गई है। वहीं, लोगों से समुद्र किनारे नहीं जाने को कहा गया है। प्रशासन ने कहा है कि लोग मौसम से जुड़ी आधिकारिक जानकारी प्राप्त करते रहें और किसी भी तरह की गलत सूचनाओं से बचें।

# घरेलू उपायों से करें कॉन्र्स का इलाज

कॉर्नस को दूर करने के लिए घरेलू उपचार प्रभावी होते हैं। हालांकि कॉन्र्स के इलाज के लिए घरेलू उपचार में समय लगता है, लेकिन यह सर्जरी की तरह प्रभावी और कम खर्च में किए जा सकते हैं।



## कॉन्र्स के लिए घरेलू उपचार

कठोर त्वचा समय के साथ कॉर्न का रूप ले लेती है। कॉन्र्स मोटी त्वचा के धब्बे की तरह उभरता है और दबाव के माध्यम से बढ़ता है। कॉन्र्स अक्सर तेज दर्द का कारण बन सकता है। कॉन्र्स का जल्द से जल्द इलाज नहीं किए जाने पर इससे छुटकारा पाना थोड़ा कठिन हो सकता है। चिकित्सकीय रूप में कॉन्र्स केवल एक छोटी सी शल्य चिकित्सा द्वारा हटाया जा सकता है। साथ ही कॉन्र्स के इलाज के लिए ओवर-द-काउंटर क्रीम और औषधीय बैंड उपलब्ध हैं, लेकिन इनकी प्रकृति अधिकतर बनावटी होती हैं। इसलिए कॉन्र्स को दूर करने के लिए आप इन सिद्ध और प्रभावी घरेलू उपचार को अपना सकते हैं। हालांकि कॉन्र्स के इलाज के लिए घरेलू उपचार में समय लगता है, लेकिन यह सर्जरी की तरह प्रभावी और कम खर्च में किए जा सकते हैं।

## कैमोमाइल चाय

कैमोमाइल चाय में अपने पैरों को भिगोना सुखदायक होता है और यह अस्थायी रूप से त्वचा के पीएच को बदल कर पसीने से तर पैर को सूखने में मदद करता है। गुनगुने पानी में सेंधा नमक और कैमोमाइल चाय को मिलाकर उसमें पैर भिगोना,कॉन्र्स को नर्म करने की चिकित्सा के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि चाय से पैर में दाग हो सकते हैं, लेकिन इसे आसानी से साबुन और पानी से हटाया जा सकता है।

## प्यूमिक स्टोन

सबसे पहले हार्ड त्वचा को नर्म करने के लिए अपने पैरों को गीला करें। फिर हल्के दबाव का उपयोग कर, गीले प्यूमिक स्टोन को कॉर्न के आगे पीछे रगड़ें। मृत त्वचा को धोने के लिए हर कुछ मिनट के लिए रुकें, और कॉर्नस को थोड़ा नर्म होने तक दोहराएं।

## सफेद सिरका

सिरका सॉस सहित कई व्यंजन की तैयारी में प्रयोग किया जाती है। साथ ही यह पैर पर कॉन्र्स को दूर करने का एक शानदार और परखा हुआ उपाय है। सफेद सिरका आसानी से खरीदा जा सकता है। एक साफ औषधीय कॉटन बॉल लेकर उसे सफेद सिरका में डुबोकर इसे कॉर्न पर लगाएं। कॉन्र्स पर कॉटन को सुरक्षित रखने के लिए डक्ट टेप का उपयोग करें। तीन से चार घंटे तक इसे ऐसे ही छोड़ दें। निर्धारित समय के बाद डक्ट टेप और कॉटन निकाल लें।

## टी ट्री ऑयल

टी ट्री तेल में मौजूद एंटीफंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण इसे कॉन्र्स के इलाज के लिए बेहतर बनाते है। एक साफ कॉटन बॉल लेकर, उसपर आवश्यक तेल की पांच बूंदों डालकर कॉन्र्स पर रगडें। फिर कॉन्र्स पर कॉटन को लगा रहने दें। रात भर लगा रहने के बाद सुबह इसे पानी से धो लें।

## पपीता

पैर से कॉन्र्स को दूर करने के लिए एक और बहुत ही आसान और कारगर उपाय है। पपीते में मौजूद कई एंजाइम कठिन और मृत त्वचा को दूर करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, पपीता किसी भी दर्द या बेचैनी को कम करने और यहां तक कि कॉन्र्स को सूखने और तेजी से गिरने में मदद करता है। सर्वोत्तम परिणामों के लिए, कच्चे पपीता का उपयोग करें। कच्चे पपीते के रस में कॉटन को डूबोकर उसे कॉन्र्स पर लगाएं और इसपर पट्टी के साथ सुरक्षित करें। इसे रात भर के लिए छोड़ दें। अगली सुबह धीरे से त्वचा को प्यूमिक स्टोन से एक्सोफोलिएट करें।

## लहसुन

लहसुन प्रकृति से एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण यह एंटी-बैक्टीरियल और फंगल संक्र मण से लड़ने में उपयोगी होती है। लहसुन के साथ कॉन्र्स के इलाज के लिए लहसुन की तीन कली को अच्छे से भूनकर कुचलकर पाउडर बना लें। फिर लहसुन के साथ लौंग पाउडर को मिलाकर इसे कॉन्र्स पर लगाएं। इसे पट्टी से कवर करके पूरी रात के लिए छोड़ दें। अगली सुबह पट्टी को खोलकर गुनगुने पानी से पैरों को धो लें। इस उपाय कॉन्र्स के गायब होने तक करें।

## तारपीन का तेल

तारपीन का तेल एक मजबूत एंटीसेप्टिक है, जो कॉन्र्स के इलाज में मदद करता है। तेल त्वचा में जल्दी प्रवेश कर जाता है जिससे उपचार तेजी से किया जा सकता है। एक पतले कपड़े में बर्फ लपेटकर प्रभावित क्षेत्र में दो मिनट के लिए मसाज करें। कॉन्र्स वाले हिस्से को अच्छे सुखाकर उसपर थोड़ा सा तारपीन का तेल लगाएं। फिर इस पर पट्टी बॉधकर रात भर के लिए छोड़ दें। रात को सोने से पहले इस उपाय को नियमित रूप से करें।

## नींबू का रस

यह इलाज धीमी गति से काम करता है, लेकिन कॉन्र्स के लिए किसी भी अन्य घरेलू उपचार की तरह प्रभावी है। ताजा नींबू का एक चम्मच रस लेकर उसमें लौंग के दो टुकड़े मिलाएं। 15 मिनट के लिए नींबू के रस में लौंग को छोड़ दें। फिर लौंग को हटाकर, नींबू के रस को कॉन्र्स पर अच्छी तरह से रगड़ें। कुछ देर सुखने के बाद पानी से इसे साफ कर लें।

## हल्दी

कॉन्र्स को दूर करने के लिए हल्दी भी बहुत अच्छा उपाय है। एंटी-इफ्लेमेंटरी प्रकृति के कारण, हल्दी परेशानी और दर्द को कम करने और उपचार को गति प्रदान करती है। एक चम्मच शहद में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को कॉन्र्स पर लगाकर इसे सुखने के लिए छोड़ दें। कॉन्र्स के निकलने तक इस उपाय को कम से कम एक सप्ताह में दिन में दो या तीन बार दोहराये।



## मुलेठी

अदभुत चिकित्सा और औषधीय गुणों के कारण आयुर्वेद में कॉन्र्स के इलाज के लिए मुलेठी की सिफारिश की जाती है। कॉन्र्स के उपचार के लिए एक चम्मच मुलेठी में पर्याप्त मात्रा में सरसों का तेल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को सोने से पहले प्रभावित क्षेत्र पर लगा लें। इसपर पट्टी बांधकर रात भर के लिए छोड़ दें। अगली सुबह पट्टी को हटाकर गुनगुने पानी से उस क्षेत्र को धो लें। ऐसा तब तक करें जब तक कॉन्र्स नर्म और आकार में कम न हो जाये।

## रेसिपी



### हेल्दी कर्ड राइस

**सामग्री**

■ राइस -एक कटोरी ■ दही एक कटोरी ■ उड़द दाल-एक छोटा चम्मच ■ चने की दाल-एक छोटा चम्मच ■ मूंगफली -आधी छोटी कटोरी ■ दो हरी मिर्च ■ एक सूखी लाल मिर्च ■ एक सफेद प्याज ■ चुटकीभर अदरक ■ करी पत्ते 5-6 ■ आधा छोटा चम्मच राई ■ चुटकीभर मेथी दाना ■ चुटकीभर हींग ■ तेल जरूरत के अनुसार ■ नमक स्वादानुसार

**विधि**

सबसे पहले चावल को पानी में डालकर पका लें। इसके एक पैन में तेल डालें और राई, मेथी दाना, उड़द दाल, चने की दाल और सूखी लाल मिर्च डालकर भून लें। इसके बाद सफेद प्याज, अदरक, हरी मिर्च और करी पत्ते डालकर भूनें। इसी तेल में मूंगफली भी डालकर भून लें और इनमें नमक मिलाकर अलग रख लें। इसके बाद हींग डालें और सभी को अच्छे से मिक्स कर लें। अब साधारण पके हुए चावल में दही मिलाएं और दही के बाद भुनी मूंगफली डालकर अच्छे से मिक्स करें। इसके बाद ऊपर से तैयार तड़का डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। तैयार हैं आपके कर्ड राइस ।



### काले चने की कढ़ी

**सामग्री**

■ भिगोए और उबले हुए काले चने ■ दही ■ बेसन ■ एक छोटा चम्मच हल्दी ■ एक बड़ा चम्मच गरम मसाला ■ दो तेजपत्ता ■ दो सूखी लाल मिर्च ■ चुटकीभर हींग ■ आधा चम्मच मेथी दाना ■ आधा छोटा चम्मच जीरा ■ दो हरी मिर्च ■ आधा कप प्याज ■ आधा कप टमाटर ■ एक बड़ा चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट ■ दो बड़ा चम्मच तेल ■ नमक

**विधि**

सबसे पहले एक कड़ाही में तेल डालें और हींग तेजपत्ता, सूखी लाल मिर्च और मेथी दाना और जीरा डालकर भूनें। इसके बाद अदरक-लहसुन का पेस्ट और प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। अब गरम मसाला, हल्दी, और काले चने डालकर तब तक पकाएं जब तक की मसाला तेल न छोड़ने लगे। दूसरी ओर एक कटोरी में दही में बेसन डालकर अच्छी तरह घोल लें। मसाले के तेल छोड़ते ही दही वाला मिश्रण डालकर धीमी आंच पर पकाएं। धनिया पत्तियों ऊपर से डालकर सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। --कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 2588




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 2587 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

चोर किसी घर में चोरी करने गया हुआ था. घर का कीमती सामान इकट्ठा करके जैसे ही वह वापस लौटने को हुआ, अचानक एक मेज से टकराकर फर्श पर गिर पड़ा. उसके गिरने की आवाज सुनकर घर की मालकिन जाग गई. बहुत मोटी होने के बावजूद उसने भागकर चोर को पकड़ लिया और उसे नीचे गिरा उसके ऊपर बैठ गई. अपने बेटे को आवाज लगाते हुए उसने कहा, 'पप्पू, बेटा जल्दी से पुलिस को बुला ला.'

पप्पू ने जवाब दिया, 'मम्मी, मेरी चप्पल नहीं मिल रही है.'

'भाई साहब, चप्पल मेरी ले जाओ, लेकिन प्लीज जल्दी से पुलिस को बुला लाओ. मेरा दम घुट रहा है.' मालकिन के नीचे दबे चोर की आवाज बहुत कठिनाई से निकल पाई.

☺ ☺ ☺

सेठ जी - तुम सफाई करते हुए अपने काम से काम रखा करो. आज फिर तुम मेरी अलमारी को घूर रहे थे.


नौकर - मैं अपने काम से काम रखाता हूं. आपने ही कहा था कि जहां भी सफाई करनी हो, वहां नजर रखा करो.

☺ ☺ ☺

पिता (अध्यापक से) - मेरा लड़का इतिहास में कैसा है? मैं इस विषय में बहुत कमजोर था.

अध्यापक - यही कि इतिहास अपने को दोहरा रहा है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2588



**बायें से दायें:-**

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका ?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका ?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2587



## सूडोकु -2588

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2587 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## शब्द पहेली -2588



**बाएँ से दाएँ**

1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

शब्द पहेली -2587 का हल

